• जयपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 25 • वर्ष 15 • अंक 52 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ...

पेज @4 यूएन मुख्यालय में गूंजी हिन्दी की वैश्विक गूंज...

पेज @8 आयुर्वेद विश्वविद्यालय में नाड़ी परीक्षण विषयक सर्टिफिकेट कोर्स ...

नशे के विरुद्ध निर्णायक जंग की तैयारी

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

● नशा सामाजिक बुराई ही नहीं, अपराध भी है'':- डीजीपी शर्मा

● डीजीपी बोले, ''संपर्क व समन्वय से करें प्रभावी कार्रवाई''

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 10 अक्टूबर। राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और बढ़ती नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अठळऋ) का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस टास्क फोर्स से जुड़े जवान प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान और कौशल का उपयोग कर समाज में नशामुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाएं।डीजीपी शर्मा शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित एएनटीएफ के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।





● नशा सामाजिक बुराई ही नहीं, अपराध भी है'' डीजीपी शर्मा

डीजीपी ने कहा कि नशा केवल सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक गंभीर अपराध है जिसने अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। उन्होंने जवानों को निर्देश दिए कि वे त्रिस्तरीय कार्यवाही के तहत नशे के एंट्री पॉइंट्स पर निगरानी रखें, वितरण तंत्र की पहचान करें और तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हुए कार्रवाई को प्रभावी बनाएं उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए डीजीपी शर्मा ने कहा आप मैदान में पूरी ऊर्जा के साथ काम करें। प्रशिक्षण, उपकरण या तकनीकी जरूरतों पर अपने सुझाव बेहिचक दें, मुख्यालय इनकी पूर्ति सुनिश्चित करेगा।''

● संवाद के दौरान सीखा अनुभव साझा किया

समापन सत्र में डीजीपी शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद किया और पूछा कि उन्होंने इस प्रशिक्षण से क्या नया सीखा। प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें ड्रग्स के विभिन्न प्रकारों, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, विदेशों से होने वाली तस्करी और उत्पादक स्रोतों के बारे में नई जानकारी प्राप्त हुई है।डीजीपी ने उन्हें सलाह दी कि वे देशभर में इस क्षेत्र में कार्यरत अन्य एजेंसियों से भी संवाद कर अनुभवों का आदान-प्रदान करें।

● फाउंडर टीम का सौभाग्य'':- एडीजी वी.के. सिंह

एडीजी एटीएस वी.के. सिंह ने कहा कि एएनटीएफ की यह फाउंडर टीम भाग्यशाली है, जिसे नशे के खिलाफ जंग में अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिला है। उन्होंने प्रशिक्षण में दी गई तकनीकी जानकारियों और रणनीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला स्तर पर इस टीम की भूमिका निर्णायक होगी।

● नौ चौकियों से हुई शुरुआतः आईजी विकास कुमार

आईजी विकास कुमार ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि एएनटीएफ का मुख्यालय स्थापित कर प्रारंभिक चरण में नौ चौकियाँ शुरू की गई हैं। उन्होंने टीम द्वारा अब तक की गई उल्लेखनीय कार्यवाहियों का विवरण भी प्रस्तुत किया।

● उम्मीदों पर खरा उतरेंगे जवान'': डीआईजी योगेश यादव

कार्यक्रम के अंत में डीआईजी योगेश यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवनियुक्त जवान विभाग की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरा समर्पण दिखाएंगे।इस अवसर पर डीजीपी के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, एएनटीएफ के अधिकारी और सभी प्रशिक्षणार्थी जवान उपस्थित रहे।

न्यूज अपडेट

देश में दलितों के खिलाफ अन्याय, अत्याचार और हिंसा का सिलसिला भयावहः प्रियंका गांधी

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने हरियाणा आईपीएस आत्महत्या मामले में भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जातीय प्रताड़ना से परेशान होकर हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या से पूरा देश स्तब्ध है। देश भर में दलितों के खिलाफ जिस तरह अन्याय, अत्याचार और हिंसा का सिलसिला चल रहा है, वह भयावह है। उन्होंने कहा कि पहले रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की हत्या, फिर मुख्य न्यायाधीश का अपमान और अब एक वरिष्ठ अधिकारी की आत्महत्या यह साबित करती है कि भाजपा राज दलितों के लिए अभिशाप बन गया है। चाहे कोई आम नागरिक हो या ऊंचे पद पर हो, अगर वह दलित समाज से है तो अन्याय और अमानवीयता उसका पीछा नहीं छोड़ते। जब ऊंचे ओहदे पर बैठे दलितों का यह हाल है तो सोचिए आम दलित समाज किन हालात में जी रहा होगा। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने भी हरियाणा आईपीएस सुसाइड मामले की निंदा की थी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा का मनुवादी तंत्र इस देश के एससी, एसटी, ओबीसी और कमजोर वर्गों के लिए एक अभिशाप बन चुका है। हरियाणा के वरिष्ठ दलित आईपीएस अधिकारी, एडीजीपी, वाई. पूरन कुमार की मजबूरन आत्महत्या की खबर न केवल स्तब्ध करने वाली है, बल्कि सामाजिक अन्याय, अमानवीयता और संवेदनहीनता का भयावह प्रमाण है। परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

उन्होंने आगे लिखा, ₹पिछले 11 वर्षों में इस देश में भाजपा ने मनुवादी मानसिकता इतनी गहरी कर दी है कि एडीजीपी रैंक के दलित अधिकारी को भी न्याय और सुनवाई नहीं मिलती है।

द्विपक्षीय वार्ता : अफगानिस्तान को सौगात के साथ संबंधों में फिर से गर्मजोशी

भारत काबुल में तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास का देगा दर्जा

● भारत-अफगानिस्तान की स्थायी मित्रता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों ने आपसी हितों के व्यापक मुद्दों के साथ-साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्ताकी से मिलकर प्रसन्नता हुई। यह यात्रा हमारे संबंधों को आगे बढ़ाने और भारत-अफगानिस्तान की स्थायी मित्रता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अफगानिस्तान के विकास, हमारे द्विपक्षीय व्यापार, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता, लोगों के बीच संबंधों और क्षमता निर्माण के लिए भारत के समर्थन पर चर्चा हुई। भारत काबुल स्थित अपने तकनीकी



मिशन को भारतीय दूतावास के स्तर तक उन्नत करेगा। इस दौरान विदेश मंत्री मुत्ताकी को 5 एम्बुलेंस भी सौंपी। यह 20 एम्बुलेंस और अन्य चिकित्सा उपकरणों के बड़े उपहार का हिस्सा है। यह अफगान लोगों के प्रति हमारे दीर्घकालिक समर्थन को दर्शाता है।

दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। इसके अनुसार अफगानिस्तान की आर्थिक सुधार और विकास की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत विकास सहयोग परियोजनाओं, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक अवसंरचना और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करेगा।

विदेश मंत्री मुत्ताकी ने भारत सरकार की सराहना की

विदेश मंत्री मुत्ताकी ने ऐसी सहायता जारी रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने अफगानिस्तान में जबरन वापस भेजे गए शरणार्थियों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण भौतिक सहायता प्रदान करने सहित, व्यापक और उदार मानवीय सहायता के लिए भारत सरकार की सराहना की। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान को भारतीय मानवीय सहायता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें खाद्यान्न, सामाजिक सहायता सामग्री, स्कूल स्टेशनरी, आपदा राहत सामग्री और कीटनाशकों की आपूर्ति शामिल है। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए खेलों, विशेषकर क्रिकेट में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हवाई माल ढुलाई गलियारे की शुरुआत का स्वागत

दोनों पक्षों ने भारत-अफगानिस्तान हवाई माल ढुलाई गलियारे की शुरूआत का स्वागत किया, जिससे दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष व्यापार और वाणिज्य को और बढ़ावा मिलेगा। नए गलियारे से संपर्क सुगम होने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अफगान पक्ष ने भारतीय कंपनियों को खनन क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जिससे द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। हेरात में भारत-अफगानिस्तान मैत्री बांध (सलमा बांध) के निर्माण और रखरखाव में भारत की सहायता की सराहना करते हुए, दोनों पक्षों ने सतत जल प्रबंधन के महत्व पर भी जोर दिया और अफगानिस्तान की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और उसके कृषि विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से जलविद्युत परियोजनाओं पर सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

विदेश मंत्री जयशंकर ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और भारत की जनता व सरकार के प्रति व्यक्त की गई सच्ची एकजुटता के लिए अफगानिस्तान की गहरी सराहना की। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति अफगान पक्ष की समझ की सराहना की। अफगान विदेश मंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि अफगान सरकार किसी भी समूह या व्यक्ति को भारत के विरुद्ध अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देगी। विदेश मंत्री ने नंगरहार और कुनार प्रांतों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया।

आर्मी लैंड स्कैम मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट ने मिली जमानत

वरीय संवाददाता

रांची/नई दिल्ली। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद अब छवि रंजन के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो चुका है। छवि रंजन को ईडी ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकान्त और जस्टिस जॉयमाला बागची की कोर्ट में छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई हुई।

मालूम हो कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने 6 अगस्त को छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था।

कफ सिरप से मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, नहीं होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली/एजेंसी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत के मामलों को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों की जांच राज्य सरकारें खुद करने में सक्षम हैं और हर बार सुप्रीम कोर्ट से निगरानी की मांग करना न्यायिक प्रणाली पर अविश्वास जैसा है। दरअसल, वकील विशाल तिवारी की ओर से याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि इस पूरे मामले की जांच किसी राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति से कराई जाए।

समीक्षा बैठक > रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री वर्नोन कोकर के साथ की बैठक

रक्षा सहयोग को और घनिष्ठ करने के तरीकों पर की चर्चा

एजेंसी

मुंबई। भारत और ब्रिटेन ने मुंबई में शुक्रवार को रक्षा सहयोग को और घनिष्ठ करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच यह चर्चा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री (हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मंत्री) वर्नोन कोकर के साथ द्विपक्षीय बैठक में हुई। यह बैठक ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) की भारत यात्रा के दौरान आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच सहयोग को और घनिष्ठ करने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ने भारत के पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना

● हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई



के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण-25 के समुद्री चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। सीएसजी वर्तमान में मुंबई और गोवा में बंदरगाह चरण की गतिविधियों में लगा हुआ है।

रक्षा राज्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की परिचालन बातचीत परिचालन दर्शन की आपसी समझ को बढ़ाती है और दोनों नौ सेनाओं के बीच अंतर-संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देती है। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले उपकरणों के निर्माण और स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर चर्चा की। उन्होंने वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग और अवसरों सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के समर्थन में हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। दोनों पक्षों ने भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी और जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूनाइटेड किंगडम यात्रा के दौरान अपनाए गए 'भारत-यूके विजन 2035' द्वारा निर्देशित एक मजबूत, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभकारी रक्षा साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

नवीन आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन को एक वर्ष पूर्ण

जेईसीसी जयपुर में होगी भव्य प्रदर्शनी



13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 10 अक्टूबर। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव लाने वाली तीन नवीन आपराधिक संहिताओं के 01 जुलाई 2024 से लागू होने का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को प्रदर्शित करते हुए जयपुर एग्जिबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (खएउउ), सीतापुरा में 13 से 18 अक्टूबर, 2025 तक एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का उद्घाटन 13 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्री भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय श्री संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

» दण्ड नहीं, अब मिलेगा न्याय, प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन और सभी हितधारकों को इन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराना है।

» प्रदर्शनी में निम्नलिखित सकारात्मक परिवर्तनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगाः

दण्ड देने के बजाय न्याय सुनिश्चित करने की अवधारणा को सरल रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। आपराधिक न्याय प्रणाली को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और विधि विज्ञान के उपयोग का वीडियो, लाइव डेमों और लघु चलचित्रों के माध्यम से दर्शाया जाएगा समयबद्ध और सरल प्रक्रिया से त्वरित न्याय की स्थापना पर हुए सकारात्मक परिवर्तनों को उजागर किया जाएगा। यह दिखाया जाएगा कि कैसे नए प्रावधानों से नागरिक एवं पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण मजबूत हुआ है और आम नागरिकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया गया है आदतन एवं गंभीर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया जाएगा।

» सबके लिए उपयोगी है प्रदर्शनी :

यह प्रदर्शनी विशेष रूप से विद्यार्थियों, महिलाओं, अधिवक्तागण, न्यायिक अधिकारियों और नागरिक संस्थाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से जनोपयोगी प्रावधानों को सुगम्य रूप से प्रसारित करने का यह एक बड़ा प्रयास है।प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आमजन और छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। यह पहल पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका, कारागार और फोरेंसिक विभाग जैसे आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभों में आए सकारात्मक बदलावों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करेगी।यह प्रदर्शनी देश की कानूनी व्यवस्था में आए सबसे बड़े परिवर्तनों को समझने का एक स्वर्णिम अवसर है।

» कर्टन रेजर (Curtain Raiser) कार्यक्रम 11 अक्टूबर को

प्रदर्शनी के शुभारंभ से पूर्व शनिवार 11 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे पुलिस मुख्यालय में कर्टन रेजर (उ४१३ल्ल फ्रंरी१) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदर्शनी की रूपरेखा, उद्देश्य, मुख्य आकर्षण और जनसहभागिता योजना की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी जाएगी।

समाज में परिवर्तन की वाहक बनें बालिकाएं

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में इसे मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियां उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है– 'मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां।' यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है।

यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें। आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े–लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं।

संसद में एक सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023–24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती हैं तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिंता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सके कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियां अपने परिवार और माता–पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिस छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लड़का–लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं।

बालिकाएं खुद को कहीं सुरक्षित नहीं समझती हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े–लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मां, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परंपरा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है।

गूंजता रहे प्रवासी पक्षियों का मधुर कलरव



प्रमोद दीक्षित मलय



मेरा बचपन गांव में बीता है और शहर में बसने के बावजूद आज भी अपने गांव से किसी न किसी रूप में रिश्ते की डोर जुड़ी हुई है। हमारा घर गांव की मुख्य बस्ती में तो था ही, किंतु खेती–बाड़ी की सुविधा की दृष्टि से अपने आम के बगीचा समीप खेतों के बीच पुरवा (मेरा) बना लिया था। दूर–दूर तक धान–गेहूं की फसलों से लहराते खेत, मेंड़ों पर पीले फूलों वाली टोपी पहने अरहर की कतार और खेतों की माटी को अपनी जड़ों से जकड़े साधनारत कैथा, महुआ, पीपल, बेर, बरगद, शीशम के हरे–भरे तपस्वी वृक्ष तथा गगन को चूमते लम्बे मजबूत बांस। मकान से जुड़ी हुई एक बड़ी तलैया जिसके निर्मल जल में अठखेलियां करती मछलियां मन मोह लेतीं। गहरे छिछले खेतों में प्राकृतिक रूप से बन गयी बड़ी पोखर। तलैया में कोई भीटा या मेंड़ नहीं होने से बारिश के बाद भी खेतों का पानी रिस–रिस कर भरता रहता और उसमें वर्ष भर पानी भरा रहता। पोखर एक प्रकार का गहराई वाला खेत था जिसमें होली के कुछ बाद तक पानी बना रहता। इससे खेतों और वातावरण में नमी बनी रहती और मौसम सुहावना। तलैया के पानी में हम लोग बर्तन धुलते, स्नान करते और भात रांधने के लिए दौरी (बांस की एक निश्चित आकार की विशेष टोकरी) भर चावल उसी जल में धोएं जाते। तलैया में किसी जानवर या अन्य आदमियों का आना–जाना नहीं था। बरसात में तलैया के जल में करेमू की बेल फैल जाती जिसकी पत्तियों से निर्बल वर्ग की महिलाएं साग बनातीं और हम बच्चे उसकी पतली शाख से टुकड़ा तोड़ पिपहरी वाली सीटी बना पिर्र–पिर्र बजाते दौड़ते। पाठक सोच रहे होंगे कि मैं यह क्यों लिख रहा हूं, लेख का विषय तो प्रवासी पक्षी है। पाठकों का सोचना सही है, पर मेरे लेख का एक सिरा इसी तलैया से मजबूती से जुड़ा है, क्योंकि इसी तलैया पर जाड़ों के मौसम में मैंने दर्जनों प्रवासी पक्षियों को डेरा जमाते, जल पर तैरते और मोहक संगीत बिखरते देखा–सुना है। हालांकि तब मुझे बिलकुल भी मालूम नहीं था कि जाड़ों में आने वाले ये पक्षी दूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षी हैं, यह जानकारी बहुत बाद में हुई जब शिक्षक बन बच्चों के बीच काम करने का अवसर मिला। तब आषाढ़ में धान की बेड़ लग जाती और नवरात्र आते–आते पौधों पर दूधिया दाना बनने लगता। जल्दी पकने वाली धान की किस्में दीपावली तक पकने लगतीं और एक मीठी–भीनी महक वातावरण में घुलने लगती। धान के खेतों के भरे पानी में छोटी–छोटी मछलियां चांदी सा चमकती बहती रहतीं, लिसलिसे घोंघे अलसाये से रेंगते और केकड़े मेड़ की निचली गीली दरारों में मिट्टी के घरौंदे बनाते रहते। तलैया और पोखर में तो कुछ बड़ी मछलियों और केकड़ों का राज रहता। पोखर और तलैया में अपने आप उग आने वाला धान, जिसे हमारे यहां पसही का धान कहा जाता था, इन दिनों पक जाता था। तो बस, यही तो चाहिए था प्रवासी पक्षियों को। पर्याप्त भोजन, सुरक्षित आवास, प्रजनन हेतु अनुकूल जलवायु। दीपावली तक तलैया पर रंग–बिरंगे, धूसर, काले–सफेद छोटे–बड़े पक्षियों का कब्जा हो जाता और होली तक बना रहता। गर्मी शुरू होते गेहूं की फसल भी पक चुकी होती, खेत खाली होने लगते, आसमान कुछ–दहकने लगता, पेड़ों की छाया सिकुड़ने लगती, तलैया के चतुर्दिक उगे घास–खरपतवार सूख रहे होते, तलैया में मछलियों की धमाचौकड़ी भी शांत हो जाती तब इन प्रवासी पक्षियों की वापसी उड़ान शुरू हो जाती और एक सप्ताह के अंदर तलैया बेजान, नीरस और उदास हो जाती जैसे किसी मां के बेटे–बेटियां कमाने–खाने परदेश निकल जाते हैं। तब तलैया शुष्क आंखों से अगले वर्ष उनके आने की बाट जोहती, राह तकती। हमें भी कुछ अच्छा नहीं लगता। केवल बच्चों ही नहीं बल्कि बड़े–बुजुर्गों का रिश्ता भी प्रवासी पक्षियों से अपनेपन का रहता। कोई भी व्यक्ति किसी भी पक्षी को हानि नहीं पहुंचाते थे बल्कि कुत्ते–बिल्ली एवं सियार–लोमड़ी से बचाव करते थे। अगर कोई कुत्ता–सियार किसी पक्षी का शिकार कर लेता था तो कई दिन तक घर–परिवार में हम बच्चों को लापरवाही के लिए डांटा जाता और घर में मातम सा पसरा रहता। यह सह–अस्तित्व का भाव था, जो बिना पाठ पढ़ाये केवल आचरण–व्यवहार द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पनपता रहता था। ये पक्षी तलैया में हम लोगों के नहाते समय भी बिना डरे बिलकुल आसपास तैरते और भोजन चुगते रहते। इन पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी सारस होता था, सफेद या कुछ–कुछ बादलों के रंग सा, लम्बी लाल चोंच और बड़ी–ऊंची टांगें। पूरी ऊंचाई हम बच्चों के बराबर या कुछ अधिक ही। सारस हमेशा जोड़े में होते और जब पंख फैलाकर उड़ान भरते तो लगता कि कोई छोटा वायुयान टेकऑफ कर रहा हो। उसके पंखों की फड़फड़ाहट का ध्वनि कंपन हम महसूस कर सकते थे। उसकी आवाज दूर से ही उसके आने का संकेत कर देती। अन्य पक्षियों में छोटी चोंच वाले झक सफेद बगुले होते लगता कि छोटे–छोटे बच्चे बर्फ की चादर ओढ़े बैठे हों, कुछ लगभग दो–तीन फीट ऊंचाई वाले एक टांग पर खड़े मंझोली चोंच, सफेद पेट एवं पूरे काले पंखों वाले बड़े बगुले मानों कोई बूढ़ा सफेद कुर्ता पहने ऊपर से काले ऊन का कम्बल लपेटे भजन कर रहा हो। हमारे लिए सभी पक्षी बगुले ही थे जिसे हम अपनी बोली में 'बक्का' कहते थे, उनके वैज्ञानिक नाम भी होते हैं, यह पता न था। कुछ बगुले बहुत प्यारे सुंदर बादामी, बैंगनी, हल्के लाल, आसमानी रंग के होते, लगता जैसे किसी त्योहार के लिए नये रंग–बिरंगे कपड़े सिलवाकर पहन लिए हों। ये पक्षी साल दर साल आते रहते और खुशियां बांटते। तब पता नहीं था कि ये पक्षी दूसरे देशों से आते हैं जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है, धरती पर बर्फ की चादर बिछ जाती है। दाना–पानी के स्रोत बंद हो जाते हैं तब वे गर्म देशों की ओर उड़ पड़ते। भारत उनकी पसंद का देश होता जहां की जलवायु, भोजन एवं सुरक्षा उनके अनुकूल होती। सबसे बड़ी बात पक्षियों के प्रति आम जन में प्यार एवं अपनेपन का भाव पक्षियों को भारत आने को खींचता और वे लगातार एक ही स्थान में पीढ़ी–दर–पीढ़ी हजारों किमी की दूरी तय कर निश्चित समय पर पहुंच जाते। विशाल जलाशय, झीलें, तालाब, नदियां और गांव–गांव के छोटे–बड़े ताल–तलैया एवं पोखर इनके आश्रम स्थल होते। प्रवासी पक्षी किसानों के मीत बन फसलों को नुक्सान पहुंचाने वाले कीट–पतंगों एवं मकड़ियों को चट कर जाते। फसलों के परागण और बीजों के बिखराव में सहायक बनते।

कालचक्र कहां थमता है।समय बदला और मन एवं परिस्थितियां भी। मानव एवं प्रवासी पक्षियों के बीच पनपा सह–अस्तित्व का सेतु अब जर्जर हो रहा है। मांस के शौकीन लोग इनका शिकार करते हैं। अवैध रेत खनन से पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ा है। पक्षियों के प्राकृतिक पर्यावास क्षतिग्रस्त हुए हैं। भोजन का संकट भी उपस्थित हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते क्षेत्रीय जलवायु में बदलाव हुआ है। शिकारी जानवरों एवं पक्षियों द्वारा भी प्रवासी पक्षियों के अंडों एवं चूजों को नष्ट किया जा रहा है। प्रवासी पक्षी अपने गंतव्य तक पहुंचने हेतु हमेशा एक ही रास्ते का चयन करते हैं, किंतु अब बड़ी इमारतें और टावर बन जाने से वे दिग्भ्रमित भी हो रहे हैं। हालांकि सरकारों, पक्षी कल्याण हेतु समर्पित संस्थाओं और पक्षी प्रेमियों द्वारा जलाशयों पर सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं कि 29 देशों के प्रवासी पक्षियों हेतु अनुकूल शहर–गांव एवं समाज बना पायें।पर जब तक हम आमजन का मन प्रवासी पक्षियों ही नहीं बल्कि सभी पक्षियों के प्रति आत्मीय एवं संवेदनशील नहीं बना पाते तब तक कोई भी उपाय और प्रयत्न पूर्णतः फलीभूत नहीं हो पाएंगे। मई एवं अक्टूबर के द्वितीय शनिवार को मनाया जाने वाला विश्व प्रवासी पक्षी दिवस तभी सार्थक और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा जब बाल्यकाल से ही हम परिवार एवं विद्यालयों में बच्चों को पक्षियों के प्रति करुणा का व्यवहार करना सिखाएं और यह तभी सम्भव होगा जब हम बड़े पक्षी प्रेम का आचरण अपने जीवन में करते दिखाई देंगे, तभी प्रवासी पक्षियों का मधुर कलरव गूंजता रहेगा।

(लेखक शैक्षिक संवाद मंच उ.प्र. के संस्थापक हैं।)

आजम के दरबार में क्यों पहुंचे अखिलेश



प्रभुनाथ शुक्ल



प्रदेश की राजनीति में नए क्षितिज उभर रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सत्ता और विपक्ष अपनी–अपनी कमर कसता दिख रहा है। हालांकि अभी चुनाव में काफी समय है लेकिन राजनैतिक दलों ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां सत्ता खोना नहीं चाहती वहीं उत्तर प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, पीडीए को साधने में जुटा है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का बेहतर प्रदर्शन रहा था। इस प्रदर्शन ने भाजपा की पेशानी पर बल ला दिया। समाजवादी पार्टी अगर यही प्रदर्शन दोहराती है तो विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए जुटे हैं और सत्ता पक्ष के कामों का अक्सर विरोध करते दिखते हैं। आजम खान की जेल से रिहाई के बाद अखिलेश यादव खुद रामपुर जाकर उनसे मिले। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा था कि आजम खान समाजवादी पार्टी से नाराज हैं और वह बसपा में जा सकते हैं। इन सब अटकलों को देखकर अखिलेश यादव को आखिर आजम खान के दरबार में माथा टेकना पड़ा। आजम खान के सियासी शरण में जाना अखिलेश यादव की मजबूरी है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग ही उनका जनाधार है। पिछड़ा वर्ग में भी सभी जातियों को हम शामिल नहीं कर सकते हैं। लेकिन यादव और मुसलमान अखिलेश के साथ खड़े रहते हैं। आजम खान समाजवादी पार्टी के बड़े चेहरे हैं। समाजवादी पार्टी से अगर आजम खान किनारा करते तो अखिलेश यादव की राजनीतिक पकड़ बेहद कमजोर हो जाती। ऐसी स्थिति में मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए आजम शरणम गच्छामि होना पड़ा।

आजम का प्रभाव पश्चिमी यूपी में मजबूत है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, यूपी में मुसलमानों की कुल आबादी तकरीबन 20 फिसदी है। 2025 तक अनुमान है कि यह आबादी तकरीबन साढ़े चार करोड़ पहुंच जाएगी। सबसे अहम सवाल है कि क्या मुसलमान आजम खान को अपना नेता मानता है। यह कहना पूरी तरह से गलत होगा कि यूपी का मुसलमान आजम के साथ पूरी तरह खड़ा है। मुसलमानों में कई नेता हैं और सबके अपने–अपने समर्थक। सिर्फ आजम खान के इशारे पर मुसलमान नहीं खड़ा होगा।

हालांकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुसलमानों की अहमियत को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि प्रदेश के सभी राजनीतिक दल मुसलमान वोटबैंक साधने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। हालांकि यह भी सच है मुसलमान भारतीय जनता पार्टी को भी बड़े पैमाने मतदान करता है। भाजपा साल 2017 के चुनाव में पश्चिम के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी हुआ अपना परचम लहरा चुकी है। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में तकरीबन 55 से 60 सीटों के आसपास मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने यहां की 82 सीटों में 62 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह चौंकाने वाला आंकड़ा था और राजनीतिक विश्लेषकों को चक्कर में डाल दिया था मुस्लिम सभी सियासी मिथक को तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े मिले।

उत्तर प्रदेश की लोकसभा में 80 सीटों में तकरीबन 20 से 22 सीटों पर मुसलमानों का प्रभाव है। इसमें सहारनपुर बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और मुजफ्फरनगर एवं रामपुर जैसे संसदीय इलाके शामिल। यही कारण है कि अखिलेश यादव को आजम खान से मिलने रामपुर हवेली जाना पड़ा। समाजवादी पार्टी से अगर मुस्लिम नाराज होता है तो उसके लिए बड़ी चुनौती होगी। सवाल यह भी है कि वह नाराज होकर भी कहाँ जाएगा। लेकिन पूरी तरह से मुस्लिम मतदाता सिर्फ समाजवादी पार्टी के साथ हैं– ऐसा कहना मुश्किल है। वह मायावती की बहुजन समाज पार्टी और भाजपा के साथ भी खड़ा मिलता है। चुनाव में यह भी ट्रेंड देखा गया है कि मुसलमान परिस्थितियों को देखते हुए अपनी वोटिंग करता है।

उत्तर प्रदेश में एक और सियासी घटना ने सपा के लिए नई चुनौती को जन्म दिया है। लखनऊ में काशीराम परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की तरफ से आयोजित रैली से समाजवादी पार्टी की नींद उड़ गई है। उधर, दलितों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे चंद्रशेखर भी उलझन में है। क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी कमजोर स्थिति में नहीं। तकरीबन 10 साल बाद मायावती की राजनीति सक्रियता ने उनके सपने पर पानी डाल दिया है। लखनऊ में उमड़ी दलितों की भीड़ ने साबित कर दिया है कि दलित पूरी तरह मायावती में आस्था रखता है। कैडर आधारित पार्टी बसपा ने बिना प्रचार के लखनऊ में एकबार फिर ताकत का प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंद्वियों की नींद उड़ा दी है। इस रैली में मायावती ने जहां भाजपा की जमकर प्रशंसा की वहीं अखिलेश यादव पर निशान साधा। अखिलेश सरकार में किए गए कार्यो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दलितों के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार ने दोगली राजनीति की। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मायावती की सक्रियता ने अखिलेश यादव के पीडीएफ फार्मूले को झटका दिया है। मायावती की कुछ वर्षो की निष्क्रियता से भाजपा केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के बदौलत दलित को अपनी तरफ मोड़ने में कुछ कमयाब दिखीं। हालांकि जमीनी सच्चाई यही है कि इस भीड़ से बसपा और दलित मतदाता भले खुश हों लेकिन सिर्फ दलित वोट से वह राजनीति में वापसी नहीं कर सकती। क्योंकि मौजूदा वक्त गठबंधन का दौर है और भारतीय जनता पार्टी इसमें सबसे सशक्त दिखाई पड़ती है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

अंकुरम गर्भ में संस्कार की पाठशाला का अनूठा अभियान



ललित गर्ग



मानव जीवन की सबसे गहरी जड़ें गर्भ में होती हैं। यह वह प्रथम और सबसे पवित्र पाठशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मनुष्य की चेतना, मूल्य और विचार भी आकार लेते हैं। इस गहन सत्य को आचार्य श्री महाश्रमण की पावन उपस्थिति में अहमदाबाद के कोबा स्थित तेरापंथ सभा भवन में शुरू की गई एक ऐतिहासिक पहल में जीवंत अभिव्यक्ति मिली। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने एक प्रेरक अभियान – 'अंकुरम गर्भ संस्कार: भावी जीवन की नींव' का उद्घाटन किया। श्री पंकज मोदी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर की पवित्रता और सौहार्द को और बढ़ा दिया। इस संपूर्ण परियोजना की परिकल्पना आचार्य श्री महाश्रमण की है, जिन्होंने अपने प्रवचन में इस बात पर ज़ोर दिया कि गर्भ केवल भौतिक सृजन का केंद्र नहीं है; यह मानसिक और आध्यात्मिक मूल्यों का उद्गम है। यदि माता का मन शांत, शुद्ध और सकारात्मक है, तो वही स्पंदन शिशु के संस्कार बन जाते हैं और उसके जीवन को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि अंकुरम गर्भ संस्कार आंदोलन इस पवित्र दर्शन पर आधारित एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।' अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा के नेतृत्व में, इस अभियान का उद्देश्य मातृत्व को एक नई दिशा देना है। उनके शब्दों में, एक माँ केवल एक जीवन का निर्माण नहीं करती – वह एक युग का निर्माण करती है। उसके विचार, भावनाएँ और कर्म आने वाली पीढ़ियों की दिशा निर्धारित करते हैं। मातृत्व के आध्यात्मिक अनुशासन के माध्यम से, हम सद्गुणों के बीज बोते हैं। अंकुरम एक मूल्य–उन्मुख आंदोलन है जो गर्भ से ही करुणा, शांति, संयम और सकारात्मकता का पोषण करने का प्रयास करता है। यह पहल मातृत्व को एक आध्यात्मिक साधना में बदल देती है, जहाँ प्रत्येक माँ भावना, प्रार्थना, संगीत, ध्यान और प्रेम के माध्यम से अपने अजन्मे बच्चे से जुड़ती है।

भारतीय परंपरा में, गर्भावस्था को कभी भी केवल एक जैविक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि एक पवित्र आध्यात्मिक तपस्या के रूप में देखा गया है। यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि बच्चे का चरित्र निर्माण जन्म के समय नहीं, बल्कि गर्भाधान के क्षण से ही शुरू हो जाता है। माँ का गर्भ जीवन की प्रथम पाठशाला है। व्यास, चरक, सुश्रुत और मनु जैसे प्राचीन ऋषियों और उपनिषदों ने गर्भावस्था के दौरान की स्थितियों के महत्व पर बल दिया है। गर्भ संस्कार का शाब्दिक अर्थ है, गर्भस्थ शिशु के शरीर, मन और आत्मा का शुद्ध, सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा से पोषण करना। गर्भ उपनिषद में कहा गया है कि गर्भवती स्त्री के भाव, विचार, आहार और वातावरण शिशु के मानसिक और भावनात्मक विकास को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए, उसे 'चेतन रचनाकार' कहा गया है। महाभारत में इसके ज्वलंत उदाहरण मिलते हैं–जब कुंती ने अपने प्रत्येक पुत्र को गर्भ धारण करने से पहले दिव्य मंत्रों का जाप किया, तो उस समय उनकी मानसिक स्थिति ने उनके गुणों को आकार दिया। इसी प्रकार, अभिमन्यु द्वारा अपनी माता सुभद्रा के गर्भ में चक्रव्यूह का रहस्य जानने की कथा गर्भ संस्कार की वैज्ञानिक गहराई को दर्शाती है।

आधुनिक विज्ञान अब इस बात की पुष्टि करता है कि शिशु के मस्तिष्क का लगभग अस्सी प्रतिशत विकास गर्भ में ही होता है। गर्भ एक निष्क्रिय भौतिक स्थान नहीं है; यह ऊर्जा और बुद्धि का एक गतिशील केंद्र है जो शिशु के भावी व्यक्तित्व को आकार देता है। इस अवधारणा को व्यावहारिक बनाने के लिए, अंकुरम कार्यक्रम गर्भवती माताओं को सशक्त बनाने हेतु एक व्यापक प्रशिक्षण मॉडल प्रस्तुत करता है। यह प्रशिक्षण गर्भ संस्कार के पीछे के प्राचीन विज्ञान, शिशु की शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक बुद्धि के सचेतन विकास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव, और ध्यान, मंत्रोच्चार, शास्त्र वाचन और सेवा गतिविधियों के माध्यम से भावनात्मक और आध्यात्मिक सामंजस्य के विकास को शामिल करता है। इस कार्यक्रम में दिव्य प्रसव और माताओं एवं नवजात शिशुओं की प्रसवोत्तर देखभाल के लिए मार्गदर्शन भी शामिल है। गर्भ संस्कार अकादमी की संस्थापक डॉ. सोनल जैन जायसवाल इस दृष्टिकोण को उल्लेखनीय समर्पण के साथ साकार करने का नेतृत्व कर रही हैं। अंकुरम का दार्शनिक आधार आचार्य श्री महाप्रज्ञ के प्रेक्षाध्यान में निहित है, जिसने यह स्थापित किया कि ध्यान केवल तपस्वियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के सभी चरणों के लिए सर्वोच्च औषधि है। इसका मूल संदेश–''बोध करो, जानो और रूपांतरित करो'', यहाँ अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। जब एक माँ ध्यान करती है, तो उसकी उन्नत चेतना उसके अजन्मे बच्चे की चेतना को प्रकाशित करती है। आचार्य महाप्रज्ञ कहा करते थे, ''गर्भ ध्यान का प्रथम मंदिर है। वहाँ उत्पन्न स्पंदन जीवन भर बच्चे के व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं।'' इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, आचार्य श्री महाश्रमण ने इस संस्कार को आधुनिक संदर्भ में विस्तारित किया है, और कहा है कि भय, अशांति और तनाव से ग्रस्त इस विश्व में, गर्भ संस्कार जैसी पहल मानवता को स्थायी शांति और मूल्यों की ओर ले जा सकती है। मातृत्व स्वयं एक पवित्र तपस्या है, और अंकुरम उस तपस्या को चेतना के उत्सव में बदल देता है।

अंकुरम गर्भ संस्कार योग, ध्यान और आधुनिक विज्ञान का सुंदर समन्वय करता है। यह इस समझ पर आधारित है कि एक माँ के विचारों और भावनाओं का गर्भस्थ शिशु पर सीधा प्रभाव पड़ता है। योग, प्राणायाम और प्रेक्षा तकनीकों के माध्यम से, गर्भवती माताएँ शांत, संतुलित और आनंदित रहना सीखती हैं, जिससे शांत, स्वस्थ और मूल्य–उन्मुख बच्चे जन्मते हैं। जैसाकि सुमन नाहटा बताती हैं, अंकुरम एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है जो भावी माताओं को गर्भावस्था को एक आध्यात्मिक साधना में बदलना सिखाती है ताकि प्रत्येक जन्म के साथ, मूल्यों का एक नया सूर्योदय धरती पर उदित हो। यह पहल माताओं से आगे बढ़कर एक राष्ट्र–निर्माण आंदोलन है। एक मूल्य–उन्मुख पीढ़ी ही एक सशक्त समाज और एक शांतिपूर्ण विश्व की सच्ची नींव है। इस प्रकार, अंकुरम गर्भ संस्कार केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्म, विज्ञान, मनोविज्ञान और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने वाला एक आध्यात्मिक आंदोलन है। आचार्य श्री महाश्रमण ने ठीक ही कहा है कि संस्कार बचपन में नहीं, बल्कि गर्भ में ही शुरू हो जाते हैं। एक माँ जो सजगता, करुणा और संयम के साथ जीवन जीती है, वह एक ऐसे बच्चे को जन्म देती है जो समाज में प्रकाश फैलाता है। अंकुरम के माध्यम से, हम एक सुसंस्कृत भारत की नींव रख रहे हैं। सुसंस्कृत मातृत्व सुसंस्कृत मानवता की ओर पहला कदम है। बीज से वृक्ष तक, यह पहल एक नई मानवता के पोषण की प्रयोगशाला है। इसे भारत के उन्नीस राज्यों के साथ–साथ नेपाल और भूटान में तेरापंथ महिला मंडलों की पाँच सौ पचास शाखाओं में सत्तर हज़ार से ज्यादा महिलाओं द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा।

अंकुरम गर्भ संस्कार मातृत्व को एक ध्यानपूर्ण यात्रा में बदल देगा–जहां माँ और बच्चे के बीच एक मौन संवाद, जो शब्दों में नहीं, बल्कि भावनाओं के माध्यम से व्यक्त होगा। यह धर्म, योग और शांति का संवाद है। यह पहल एक नई चेतना जगाती है कि अगर हम गर्भ से ही मूल्य–निर्माण शुरू कर दें, तो हम दुनिया से हिंसा, बेचैनी और नैतिक पतन को मिटा सकते हैं। जैसाकि आचार्य महाप्रज्ञ ने बहुत खूबसूरती से कहा है, 'जब एक माँ ध्यान में प्रवेश करती है, तो मानवता का भविष्य प्रार्थनापूर्ण हो जाता है।' भारतीय चिंतन में, मातृत्व को हमेशा से ही सर्वोच्च देवत्व–जननी, धात्री, अन्नपूर्णा और भूमिका देवी के रूप में पूजनीय माना गया है। माँ की गोद मूल्यों का सबसे बड़ा पवित्र स्थान है। हमारे महाकाव्य, रामायण और महाभारत, मातृ कृपा के अनगिनत आदर्शों को दर्शाते हैं–कौशल्या की कोमलता, सीता का साहस, कुंती का धैर्य और गार्गी–मैत्रेयी का ज्ञान। भारतीय संस्कृति में मातृत्व केवल एक रिश्ता नहीं है, यह एक आध्यात्मिक शक्ति, एक पवित्र ऊर्जा और समस्त सृष्टि का स्रोत है। गर्भ एक दिव्य प्रयोगशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मानवता की आत्मा और मूल्यों का भी निर्माण होता है।

तनाव, प्रतिस्पर्धा और कृत्रिमता से ग्रस्त आज के भौतिकवादी संसार में, गर्भ संस्कार का पुनरुत्थान मानवता की जड़ों को एक बार फिर पोषित करने का मार्ग प्रस्तुत करता है। वैज्ञानिक अध्ययन अब इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक माँ की मानसिक शांति, ध्यान, संगीत, योग और संतुलित आहार का अजन्मे बच्चे की बुद्धि, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अंततः, अंकुरम का संदेश शाश्वत है– केवल सुसंस्कृत माताएँ ही सुसंस्कृत संतान को जन्म दे सकती हैं और ऐसी संतानें स्वर्ण युग की नींव रखेंगी।

वर्ष 2023-24 से अब तक 16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपये के लाभ दिये जाकर लाभान्वित

उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देशभर में राजस्थान राज्य की प्रथम रैकिंग आने पर विभागीय अधिकारियों को दी बधाई

चमकता राजस्थान



जयपुर। उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राजस्थान राज्य की सितम्बर माह में देशभर में प्रथम रैकिंग में आने पर प्रसन्नता व्यक्त की है और इस हेतु विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है।

दिया कुमारी ने राजस्थान प्रदेश को महिला एवं बाल विकास के प्रत्येक क्षेत्र में नम्बर एक बनाने का आह्वान किया है।

उपमुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राजस्थान राज्य ने सितम्बर माह में जारी रैकिंग में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

30 दिवस में लाभार्थियों को नकद लाभ

» उक्त रैकिंग योजना अंतर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण, लाभार्थियों को भुगतान एवं 30 दिवस में लाभार्थियों को नकद लाभ अंतरण, कुल प्राप्त परिवादों के त्वरित निस्तारण के पैरा मीटर्स पर योजना में समग्र प्रगति के आधार पर जारी की जाती है।

16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपये के लाभ दिये जाकर लाभान्वित

» योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 से अब तक 16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपये के लाभ दिये जाकर लाभान्वित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि उक्त योजना अंतर्गत प्रथम बार गर्भवती हुई महिला को दो किस्तों में 5000 तथा द्वितीय बार गर्भवती हुई महिला को बालिका के जन्म एवं टीकाकरण पूर्ण करने पर 6000 की राशि आधार लिंक बैंक/ पोस्ट ऑफिस के खाते में एकमुश्त सशर्त लाभ अंतरण के रूप में हस्तांतरित की जाती है।

संक्षिप्त समाचार

डॉ. एम. के. ओथानी ने शुक्रवार को फतेहपुर सीकरी का भ्रमण किया



चमकता राजस्थान/बंटी/आगरा। फतेहपुर सीकरी आए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय (BTI योजना) के एक्सपर्ट एडवाइजर डॉ. एम. के. ओथानी ने शुक्रवार को फतेहपुर सीकरी का भ्रमण किया। उन्होंने यहां की ऐतिहासिक इमारतों और डाक बंगले का भ्रमण कर मुगलकालीन कला की सुन्दरता को सराहा इस अवसर पर सीकरी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम ने डॉ. ओथानी का स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया डॉ. ओथानी ने फतेहपुर सीकरी को भारत सांस्कृतिक विरासत का गौरव बताया उन्होंने कहा कि यहां की कला और ऐतिहासिक धरोहरें दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं

उन्होंने इन धरोहरों की स्वच्छता और संरक्षण को सभी की साझा जिम्मेदारी बताया। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बरतलब भी किया डॉ. ओथानी ने सीकरी की ऐतिहासिक सुन्दरता को बनाए रखने के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया।

सपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री को दी श्रद्धांजलि नमन करते हुए याद किया



चमकता राजस्थान/बंटी/आगरा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को फतेहपुर सीकरी में समाजवादी पार्टी के संस्थापक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन करते हुए याद किया और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर नमन किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष किया उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष रमजान उस्मानी समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव राशिद हसन चिश्ती, नगर अध्यक्ष अफसर कुरैशी, हाजी मंटू, आमीन कुरैशी, कदीर अब्बासी, शाकिर अब्बासी, डॉ सुनील प्रजापति, अबरार अहमद, सलमान उस्मानी, फैजान अली, आसिफ कुरैशी, आदि लोग मौजूद रहे।

श्री यादे माटी कला बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राज्य मंत्री पीएल प्रजापति का मनाया सादगी से जन्मदिन



चमकता राजस्थान/दिनेश प्रजापत/सांगानेर। कस्बे के मुहाना मंडी स्थिति निजी कार्यालय पर श्री यादे माटी कला बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष एवं फल सब्जी व्यापार संघ मुहाना मंडी के अध्यक्ष पप्पू लाल प्रजापति का जन्मदिन बहुत ही सादगी के साथ मनाया। जिसमें दिनभर बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।समाज एवं व्यापारी वर्ग व आमजन ने निजी कार्यालय पहुंचकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जिसमें मुकेश प्रजापति रेनवाल गणेश प्रजापति युवा नेता बगरू, गेंदी लाल प्रजापति, कैलाश प्रजापति ,रमेश प्रजापति, पत्रकार दिनेश प्रजापत श्रीरामपुरा, एवं व्यापारी वर्ग व आमजन उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधान महावीर सिंह वर्मा द्वारा सीकरी हुआ उज्जवल

चमकता राजस्थान



बंटी/आगरा/फतेहपुर सीकरी। 10 अक्टूबर 2025 विगत 12वर्ष पूर्व आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा मंडी गुड़ से ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा 13 मोरी बांध तक राष्ट्रीय राजमार्ग के सेंट्रल में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, परंतु विगत 4 वर्ष से सभी लाइटें बंद पड़ी थी, स्थानीय पूर्व प्रधान महावीर सिंह वर्मा द्वारा सांसद राजकुमार चाहर को अवगत कराते हुए एक पत्र आगरा विकास प्राधिकरण को लिखा जिस पर कार्यवाही होते हुए 9 अक्टूबर से नगर पालिका फतेहपुर सीकरी द्वारा सभी लाइटों को ठीक करने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

विगत चार वर्षो में सड़क पर अंधेरा होने के कारण गायों से वाहन दुर्घटना हुई जिनमें कई लोगों की जान चली गई, इस समस्या की निस्तारण के लिए एक पत्र प्रधान महावीर सिंह वर्मा , के साथ प्रतिनिधिमंडल ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा सांसद राजकुमार चाहर को लिखा गया, आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने अवगत कराया स्ट्रीट लाइट और सेंट्रल हाई मस्ट लाइट के लिए 40 लाख रुपया नगर पालिका फतेहपुर सीकरी के लिए रख रखाव हेतु प्रदान किया गया है, इसके बाद पत्र के संबंध में अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला से प्रतिनिधि मंडल 30 सितंबर को मिला इसके बाद अपर जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद फतेहपुर सीकरी के अध्यक्ष शबनम मोहम्मद इस्लाम तथाअधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर तुरंत सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया इसके बाद नगर पालिका परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्ट्रीट लाइटों के दुरुस्त होने से मंडी गुड़ ,बाईपास, लाल दरवाजा सीकरी चार हिस्सा क्षेत्र में गाय , नंदी के झुंड रोड पर रहते हैं रोशनी से हादसे भी कम होंगे।

नगर पालिका परिषद के सभासद प्रेम सिंह बघेल, राकेश कुशवाहा ,भाजपा के मंडल अध्यक्ष विल्सन कुशवाहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद गोयल, महिपाल चौधरी, चंद्रवीर चौधरी, डॉक्टर भोपाल सिंह लोधी डॉक्टर ब्रजमोहन,रामू सेठ, राजेश शुक्ला, नीरज शुक्ला दीपक अग्रवाल, कैलाश राजपूत हाजी आजाद, अजय शर्मा, नरेंद्र शर्मा गाइड पंडित रामू सभी ने सांसद राजकुमार चाहर तथा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शबनम मोहम्मद इस्लाम का आभार जताया।

अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के चार चोर को मुठभेड़ में पकड़ा

चमकता राजस्थान



बिल्सी। थाना बिल्सी पुलिस और अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के चार चोरों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान चोरों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिस पर पुलिस ने जान बचाते हुए चारों चोर को घेरा बंदी कर पकड़ लिया जिनके पास से 2 लाख 70 हजार रूपये नगद, 3 तमंचे,कारतूस,एक पिकअप गाड़ी UP25DT5910 बरामद हुई।

थाना बिल्सी पुलिस बजे नरैनी चौराहे पर चेकिंग कर रही थी कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी एक पिकअप वढ24उ्ळ5910 गाड़ी है जिसमें कुछ व्यक्ति हैं मुखबिर द्वारा बताई हुई सूचना के आधार पर थोड़ी देर के बाद सामने से एक पिकअप गाड़ी आई। जिसको पुलिस ने रोकने का इशारा किया पिकअप के चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी को बिल्सी की ओर भागने लगा। सामने वाली सीट पर बैठे दोनों व्यक्तियों ने गाड़ी के दाहिने और बाई खिड़की से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा अपने आप को बचाते हुए घेराबंदी करके पिकअप गाड़ी को बडनोमी तिराहे पर रोक लिया। पुलिस ने चोरों को पकड़ लिया। गिरफ्तार चोरों ने मनुआ, बनिया,अजीम,हनीफ निवासी थाना सुभाष नगर जनपद बरेली बताया। यह चोर पिकअप गाड़ी में मछली बेचने का कार्य करते थे मछली बेचने की आड़ में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं सभी लोग मिलकर लोगों के घरों में दीवार से कूद कर चोरी करते हैं और चोरी करने के बाद पिकअप गाड़ी से भाग जाते हैं जिससे लोग चोरों पर कोई भी शक नहीं करते थे इन लोग ने मिलकर कुछ दिन पहले थाना उझानी और 20 दिन पहले थाना बिल्सी क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर ओर गांव पिण्डोल में चोरी की थी। बिल्सी थाने पर चोरी का मुकदमा दर्ज था उसने चारों चोरों के खिलाफ विंड धारा में मुकदमा दर्ज करने के बाद पिकअप गाड़ी UP25DT5910 को सीज कर दिया । गिरफ्तार चारों चोरों को जेल भेज दिया गया है

कुम्हार समाज का प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 26 अक्टूबर को, रेजिस्ट्रेशन शुरू

चमकता राजस्थान



जयपुर। प्रजापति समाज सेवा संस्थान द्वारा कुम्हार समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, कृषि अनुसंधान केंद्र दुर्गापुरा, जयपुर मे प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सेवा संस्थान का यह दूसरा युवक-युवती परिचय सम्मेलन है। पूर्व में भी सम्पूर्ण राजस्थान से कुम्हार समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम का पंजीयन एक माह पूर्व ही शुरू हो गया है। इच्छुक विवाह योग्य युवक-युवतियो के पंजीयन फॉर्म प्रदेश कार्यकारिणी, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र अर्जुन प्रजापति, प्रदेश महासचिव नूतन प्रकाश प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष हीरालाल राजोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन लाल राजोरा, सह-सचिव कालूराम प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा वर्मा, उपाध्यक्ष -रमेश प्रजापति, रोहित प्रजापति, कैलाश प्रजापति, रामलाल प्रजापति, संगठन सचिव- मनोज प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति व लालाराम गालव से प्राप्त किया जा सकता है जिसका विवरण वेबसाईट www.prajapatiseva.org पर भी दिया हुआ हैं । संस्थान, सभी समाज बंधुओ से अनुरोध करता है कि विवाह योग्य युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन शीघ्र ही करवा लें ताकि संबंधित प्रक्रिया के बारे में समय से अवगत करवाया जा सके। कार्यक्रम से पूर्व पंजीकृत आवेदकों की सूचना सभी आवेदकों को दी जाएगी एवं कार्यक्रम के दौरान परिवारों के संवाद की उचित व्यवस्था की जाएगी ताकि परिवार एक दूसरे को समझ सकें।

प्रजापति समाज सेवा संस्थान विगत 11 वर्षों से समाज के सर्वांगीण विकास के लिये लगातार कार्य कर रहा है। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने, प्रतिभावान एवं जरूरतमंद विद्यार्थियो को उच्च शिक्षा के लिये मासिक छात्रवृत्ति प्रदान करना, रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, पौधारोपण व अन्य समाजोपयोगी कार्य उल्लेखनीय हैं। सेवा संस्थान जल्दी ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये बालिका छात्रावास का निर्माण करेगा, जिसकी भूमि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित की जा चुकी है ।

निविदा भर्ती की अनियमिताओं के खिलाफ जांच कमेटी की मांग को लेकर संगठन ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, जोधपुर द्वारा आज जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज में 302 नर्सिंग अधिकारियों तथा पैरामेडिकल की निविदा पर भर्ती को रद्द करने तथा प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग की। अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि फर्मों द्वारा राज पत्र के नियम विरूद्ध टेंडर में धरोहर राशि गलत भर सरकार को चपत लगाई। उन फर्मों को निविदा भर्ती के लिए चयन करना अनुचित है। तथा साथ ही टेंडर अनुसार मेरिट में पारदर्शिता से कार्मिक लेने का प्रावधान रखा हुआ है परन्तु आवदको से फॉर्म पारदर्शिता से नहीं लिए गए। तो मेरिट का आधार कैसे तय हो पाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि आज कलेक्टर महोदय तथा संभागीय आयुक्त को ज्ञापन प्रेषित कर संपूर्ण साक्ष्य की प्रतिलिपि देकर भर्ती को तुरंत रद्द करने की मांग कर प्रशासनिक स्तर पर कमेटी गठित कर उक्त पूरे प्रकरण की जांच की मांग की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी संरक्षक पियूष ज्ञानी, संयोजक सुरेन्द्र चौधरी, उप संयोजक बसंत रॉयल, जगदीश जाट, हिम्मत राम भाकल, सूर्या चौधरी, देवेंद्र सिंह, गणपत सिंह, कपिल सेंवर आदि उपस्थित रहे।

गजेंद्र पंवार ने संभाला केरू विद्यालय का प्रिंसिपल पद, बी आर मेमोरियल स्कूल परिवार ने किया भव्य सम्मान



चमकता राजस्थान/जोधपुर ग्रामीण/हनुमान सिंह घंटियाला। ग्राम केरू स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज नवनियुक्त प्रिंसिपल गजेंद्र पंवार ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादे किन्तु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में बी .आर मेमोरियल स्कूल के निदेशक मोड़ा राम चौधरी, डी. के. मेघवाल, प्रेम गोयल, हनुमान सिंह राजपुरोहित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पहार वह साफा पहनाकर शुभकामनाएं देकर पंवार का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में प्रिंसिपल गजेंद्र पंवार ने कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन व शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी विद्यालय के साथ जुड़कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग की अपील की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि पंवार के नेतृत्व में विद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और केरू शिक्षा क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण बनेगा। समारोह में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

यूएन मुख्यालय में गूंजी हिन्दी की वैश्विक गूंज

चमकता राजस्थान

न्यूयॉर्क/जोधपुर /मेहराम गहलोत। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में गुरुवार को हिन्दी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक पहचान दर्ज कराई।

भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित हिंदी दिवस वार्षिक समारोह में पाली सांसद एवं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने हिन्दी में अपना प्रेरक उद्बोधन देकर पूरे विश्व में भारत की सांस्कृतिक अस्मिता का गौरव बढ़ाया।

''हिन्दी केवल भाषा नहीं, भारत की भावना और पहचान है''

सांसद चौधरी ने अपने उद्बोधन की शुरुआत इन शब्दों से की – ''हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, यह भारत की भावना, पहचान और एकता का प्रतीक है। यह वह सूत्र है जो उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरे देश को जोड़ता है।'' उन्होंने कहा कि हिन्दी आज विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है।

करीब छः सौ मिलियन लोग हिन्दी बोलते हैं और यह आंकड़ा हर वर्ष बढ़ रहा है।



● विश्वभर में बढ़ रही हिन्दी की प्रतिष्ठा

» सांसद चौधरी ने बताया कि हिन्दी अब मॉरीशस, नेपाल, श्रीलंका, सूरीनाम, फिजी, गुयाना जैसे देशों में न केवल सिखाई जा रही है, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी है। विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी हिन्दी बोलने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हार्वर्ड, येल, कोलंबिया, कॉर्नेल, शिकागो, टेक्सास, ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अध्ययन कराया जा रहा है।

● भारत के स्वाधीनता संग्राम में हिन्दी की भूमिका ऐतिहासिक रही

» सांसद चौधरी ने कहा कि जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब हिन्दी ने जन-जन को एक मंच पर लाने का कार्य किया। ''वन्दे मातरम'' और ''जय हिन्द'' जैसे नारे हिन्दी के माध्यम से ही हर भारतीय के दिल तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी हिन्दी ने भारत की राजनीतिक और सामाजिक एकता को सशक्त किया। संविधान ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा देकर उसकी गरिमा को और ऊंचा किया।

● संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी की आधिकारिक मान्यता की दिशा में बड़ा कदम

» सांसद चौधरी ने बताया कि 10 जून 2025 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा सह-प्रायोजित बहुभाषावाद पर प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें पहली बार हिन्दी भाषा का औपचारिक उल्लेख किया गया। सितंबर 2024 में भी महासभा ने हिन्दी को बहुभाषावाद के प्रस्ताव में शामिल किया। यह कदम हिन्दी के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को मजबूत करता है।

संक्षिप्त समाचार

दीवा शहर मे काही वर्षो से पीने के पानी को तरसते लोग! भाजपा के डॉ, शशिकांत केळशीकर ने दिया आंदोलन का इशारा



चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ठाणे जिला महासचिव डॉ. शशिकांत एम. केलशिकर ने ठाणे महानगर पालिका की दिवा प्रभाग समिति की बढ़ती जल समस्या के लिए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने दिवा पश्चिम क्षेत्र के एन.आर. नगर, फिशर कॉलोनी, गावदेवी आदि क्षेत्रों में नागरिकों की जल समस्या की उपेक्षा पर कड़ा विरोध जताया है।

डॉ.शशिकांत केलशिकर ने 09/10/25 को सहायक आयुक्त को एक निवेदन दिया और स्पष्ट किया है कि 2023 से बार-बार अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नागरिकों को पानी के लिए लाईन में लगना पड़ रहा है।तो कही बार पूरी पूरी रात जगाना कर पानी भरना पड़ता तो कही बार पीने का पानी टैंकर से खरीदकर लोगों का मासिक वित्तीय बजट चरमरा गया है।

इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए और दिवा पश्चिम क्षेत्र में जल समस्या का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। अन्यथा, डॉ. शशिकांत केलशिकर ने यह भी चेतावनी दी है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सड़को पे उतरकर तीव्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के दिवा शील मंडल अध्यक्ष श्री. सचिन भोईर, भाजपा ठाणे शहर जिला उपाध्यक्ष विजय भोईर प्रफुल्ल साल्वी, कार्यकारिणी सदस्य रेशमा पवार, महाराष्ट्र प्रदेश शिक्षा बोर्ड श्री नरेश पवार,ठाणे जिला उपाध्यक्ष श्री विनोद भगत श्रीराम भगत दत्त कोलटे साथ बड़ी संख्या में दीवा वासी उपस्थित थे।

डीग -डीग मै एक दिवसीय डीग महोत्सव 2025 मेले का आयोजन किया गया



चमकता राजस्थान/जयपुर। अपनी ऐतिहासिक धरोहर एवं रंगीन फव्वारों के लिये विश्व प्रसिद्ध जल महलों की नगरी में पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में डीग महोत्सव का आयोजन हो रहा है जहाँ कला, संस्कृति और विरासत के रंगों से महोत्सव का आगाज हुआ वहीं डीग महोत्सव का शुभारम्भ कस्बे में बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा के साथ हुआ वहीं जिसमें विभिन्न झाँकियों के साथ लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुति देते चल रहे थे वहीं महिलाएं मंगल कलश लिये शामिल रहीं ! वहीं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक संजय जौहरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति डीग महोत्सव के दौरान नेहरू पार्क में राधा कृष्ण सहित अन्य झाँकियों सहित रस्साकसी, कब्बडी एवं मूँछ प्रतियोगिता आयोजित की गई मूँछ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दुर्गेश फौजदार व द्वतीय स्थान सुनील चाहर का रहा। साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं वहीं विभिन्न वहीं शाम 5 बजे डीग के रंग कार्यक्रम के तहत महल परिसर में रंगीन फव्वारों का संचालन किया गया वहीं इसके उपरांत जल महल परिसर के तालाबों पर दीपदान कार्यक्रम है इसके बाद संध्या कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जगमग होगा इसके उपरांत जल महल परिसर में संध्या कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे ! इस दौरान देशी विदेशी पर्यटकों सहित जिला प्रशासन व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे !

आरपीएफ ब्यावर अपराध रोकथाम टीम ने बचाई महिला की जान

चमकता राजस्थान/ब्यावर। ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत ज्योति कुमार सतीजा, महानिरीक्ष क महोदय रेसुब, उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर एवम श्रीमान दीपक कुमार आजाद मंडल सुरक्षा आयुक्त अजमेर के निर्देशन में 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को निरीक्षक नरेश कुमार रेसुब पोस्ट ब्यावर के निर्देशन में कांस्टेबल अश्वनी कुमार जो कि अपराध रोकथाम ड्यूटी पर तैनात था। उक्त कांस्टेबल अश्विनी कुमार प्लेटफार्म नंबर 2 पर गस्त कर रहा था तथा गाड़ी नंबर 14801 (जोधपुर- इंदौर) का आने का समय हो रहा था तो इस दौरान समय करीब 11.48 बजे एक महिला प्लेटफार्म नंबर 01 से प्लेटफार्म नंबर 02 पर बने हुए रास्ते से दौड़कर आती हुई दिखाई दी और इसी दौरान उक्त ट्रेन भी प्लेटफार्म नंबर 02 की और आती हुई दिखाई दी। कांस्टेबल अश्विनी कुमार ने दौड़कर उक्त महिला को पकडा और महिला की जान बचाई उक्त महिला, कांस्टेबल से छुड़वाने की कोशिश कर रही थी और कह रही थी कि उसे गांधीनगर जयपुर जाना है। जबकि कांस्टेबल बार-बार उक्त महिला को बता रहा था कि यह गाड़ी इंदौर जाएगी गांधीनगर जयपुर नहीं जाएगी। लेकिन महिला फिर भी कांस्टेबल की बातों को अनसुना कर गाड़ी की तरफ भागने की कोशिश कर रही थी। और जबरदस्ती छुड़ाने की कोशिश कर रही थी । कांस्टेबल ने महिला को पकड़े रखा जिसके कारण महिला की जान बच गई। पूछने पर महिला ने अपना नाम हेमलता पत्नी जय सिंह दगदी उम्र 60 साल निवासी - 06/37 कृष्णा कॉलोनी रामदेव मंदिर के पास ब्यावर राजस्थान बताया। टिकट नंबर 92874148 ब्यावर से गांधीनगर जयपुर महिला के पति जय सिंह को सूचना दी गई जो पोस्ट पर आए उक्त महिला ने व उनके पति ने भावुक होकर बताया कि आरपीएफ स्टाफ ने आज उसकी जान बचाई और आरपीएफ का आभार प्रकट करते हुए बार-बार आरपीएफ का धन्यवाद किया



जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराधों पर नियन्त्रण एंव आगामी त्यौहारों के मध्यनजर किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

चमकता राजस्थान

कैलाश फुलवारी/ ब्यावर। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह व्होर ने बताया की 10. अक्टूबर.2025 को जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु एवं आगामी त्यौहारों को मध्यनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर भूपेन्द्र शर्मा व्होर व जिले के समस्त वृत्ताधिकारीगणों एवं थानाधिकारीगणों ने भाग लिया अपराध गोष्ठी में पैण्डिग प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने, जिले में बढ़ रही संपति संबंधी अपराध, महिला अपराध तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं इनके रोकथाम हेतु ठोस रणनीति बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, आगामी त्यौहार दिनांक 18 अक्खूबर को धनतेरस, 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा एंव 23 अक्टूबर को भाई दूज के त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त, नाकाबन्दी, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा जनता के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने हेतु आवशयक दिशा निर्देश दिये गये जिले में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों व जवानो को प्रशंसा पत्र मय केस रिवार्ड दिये जाकर होसला अफजाई की गई। भविष्य में भी जिन अधिकारीगणों / कर्मचारीगणों द्वारा अच्छे कार्य करने पर को प्रशंसा पत्र मय केस रिवार्ड दिये जायेंगें। तथा जिन थानाधिकारीयों की कार्य मूल्यांकन प्रणाली कमजोर रहेगी। उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर दण्डित किया जायेगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदान किये जाने वाले आदेशो एंव निर्देशों की समय पर सख्ती से पालना करने एंव चलाये जाने वाले विशेष अभियानो के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने की हिदायत की गई।



सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के विरोध में अजाक ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। केंद्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) जिला शाखा धौलपुर द्वारा प्रभारी मांगीलाल भूतिया के नेतृत्व में शुक्रवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हिंदुत्व के नाम पर सर्वोच्च न्यायपालिका पर हुए हमले, जातिगत अहंकार, धार्मिक उन्माद एवं असहिष्णुता की प्रवृत्ति फैलाने वाले संगठनों पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की गई। अजाक पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही के दौरान अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवाई की ओर जूता फेंकने की कोशिश की गई, जो अत्यंत निंदनीय है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने ''सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'' जैसे नारे लगाए, जो न्यायपालिका की गरिमा और देश के संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना केवल अदालत में हुई बदतमीजी नहीं बल्कि उस जहरीली विचारधारा का परिणाम है, जो धर्म के नाम पर हिंसा, नफरत और असहिष्णुता को सामान्य बना चुकी है। यह प्रवृत्ति समाज के सौहार्द और लोकतंत्र दोनों के लिए घातक है। मुख्य न्यायाधीश पर हमला न्यायपालिका ही नहीं बल्कि भारतीय गणराज्य की आत्मा पर हमला है। अजाक ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है, कि ऐसी कट्टर और विभाजनकारी सोच फैलाने वाले संगठनों पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि देश में सामाजिक समरसता, भ्रातृत्व और संविधान की मर्यादा सुरक्षित रह सके।



ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष पप्पू सोनी, महासचिव मुकेश राजोरा, कोषाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, रामहेत सिंह, जल सिंह, भगवानदास, राजवीर पहाड़िया, शिवराम पथरौर, महेंद्र सिंह, सुजान सिंह, सुरजीत सिंह, कप्तान सिंह, सुभाष सोनी, धर्मवीर धौर्य, नारायण सिंह, विद्याराम, डॉ. मुकेश, राकेश आनंद, मातप्रसाद सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर सरगर्मियां हुई तेज, रविवार को आएंगे पर्यवेक्षक



चमकता राजस्थान/राजेन्द्र दवे मांडवला/जालोर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जालौर पर्यवेक्षक परेश धनानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुजरात , पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक गोविंदराम मेघवाल, पूर्व मंत्री,पीसीसी महासचिव सुमन यादव, पीसीसी महासचिव नरेश चौधरी आगामी 12 अक्टूबर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक जिले की समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय बैठकों में शिरकत कर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष चयन हेतु कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी से रायशुमारी हेतु पर्यवेक्षक जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। 12 अक्टूबर को सिरोही से जालोर जिले में आगमन पर वराडा हनुमानजी मंदिर के पास पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।

सांसद खेल महोत्सव का सलूम्बर नगर में हुआ शुभारम्भ



चमकता राजस्थान/जयपुर। सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ सलूम्बर नगर में हायर सेकेण्डरी स्कुल मे नेता प्रतिपक्ष प्रभुलाल जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम कि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विजेश भलवाड़ा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक देवेन्द्र सिंह बस्सी, मण्डल प्रतिनिधि वेणीराम सुथार, सहसंयोजक करण सिंह पंवार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नन्द लाल सुथार, डॉ लव व्यास, पूर्व नपा अध्यक्ष भगवती लाल सेवक, पूर्व नपा उपाध्यक्ष धुला भाई भोई, विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान लाल त्रिवेदी रहे। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक देवेंद्र सिंह बस्सी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देशय क्या है कि युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा देना, तथा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना हैं। नगर अध्यक्ष विजेश भलवाड़ा ने कहा कि आज का युवा आधुनिक युग में मोबाइल के जमाने में हमारे पारंपरिक खेलों से परिचित नहीं है इस खेल महोत्सव के माध्यम से निश्चित रूप से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उचित मंच प्रदान होगा। विधानसभा सहसंयोजक करण सिंह पवार ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव एक महोत्सव ही नहीं अपितु आज की युवा पीढ़ी में खेलों के माध्यम से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना हैं इससे निश्चित रूप से युवा अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष प्रभु लाल जैन ने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य के सपने को लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए जो यह मंच प्रदान किया है

सेवा, शिक्षा और प्रतिभा को समर्पित- समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की प्रान्तीय बैठक

चमकता राजस्थान

पाली /सोजत । समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (SKFI) की प्रांतीय बैठक वीसोच महाविद्यालय में प्रान्तीय अध्यक्ष रामस्वरूप भटनागर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें सेवा, शिक्षा, संस्कृति, कला, साहित्य और पर्यावरण के क्षेत्र में एक नई दिशा और ऊर्जा देने का संदेश दिया। दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान ''जन गण मन'' के साथ प्रांतीय अध्यक्ष रामस्वरूप भटनागर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। SKFI, एक राष्ट्रीय संस्था, जिसका मार्गदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र बच्चन कर रहे हैं, देशभर में ऐसी प्रतिभाओं को खोजने और आगे लाने का कार्य करती है जिन्हें समाज और राष्ट्र में एक मंच नहीं मिलता। यही कारण है कि SKFI 'राष्ट्रीय गौरव, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान' पत्रकारिता,समाज सेवा, पर्यावरण ,शिक्षा,चिकित्सा, कला,संस्कृति का संरक्षण, भामाशाह ,साहित्यकार आदि के क्षेत्र में प्रदान कर ऐसे छिपे हुए हीरों को सम्मानित करती है, जो समाज और संस्कृति संरक्षण में अमूल्य योगदान दे रहे हैं।



बैठक में SKFI के समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के उद्देशय पर चर्चा हुई जिसमें शिक्षा का प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, कला-साहित्य का संवर्धन , चिकित्सा,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ ,स्वावलंबन और मानवता की सेवा शामिल है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पारसमल सिंगाड़िया को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पाली जिला मेहंदी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सोजत कीड़ा परिषद के सदस्य और भामाशाह समाजसेवी ताराचंद सैनी ने कहा कि ''समाज सेवा केवल कार्य नहीं, यह भावना है जो हर दिल को जोड़ती है। SKFI इस दिशा में एक प्रेरणा है और इसकी पहल से समाज की असंख्य प्रतिभाओं को मान्यता मिलती है।'' वे अपनी विशिष्ट राजस्थानी वेशभूषा और आकर्षक मूंछों के कारण जनसाधारण में विशेष पहचान रखते हैं और पाली जिले में समाज सेवा, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय गतिविधियों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर संगीतज्ञ व नर्सिंग अधिकारी वीणा गुप्ता ने कहा कि ''संगीत और सेवा दोनों मानवता की भाषा हैं।'' साहित्यकार, ग़ज़लकार व शायर डॉ. रशीद गौरी ने कहा कि ''साहित्य समाज की आत्मा है और इसे संरक्षित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

NATCO एवं मोहन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी जयपुर में अंगदान के प्रकल्प हेतु एक 18वी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का 10 अक्टूबर 2025 को शुभारंभ हुआ

चमकता राजस्थान

जयपुर। कॉन्फ्रेंस में लगभग 20 राज्यों से आए हुए 200 ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर ने भाग लिया।
मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह खींवसर स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान सरकार ने कहा हम सभी एक ही महान उद्देश्य से जुड़े हैं – अंगदान के माध्यम से जीवन का उपहार देने के इस पवित्र अभियान से। एक अंगदाता आठ लोगों का जीवन बचा सकता है।
ज़रा सोचिए – एक व्यक्ति अपनी करुणा और उदारता के एक ही निर्णय से आठ परिवारों को फिर से मुस्कुराने का अवसर दे सकता है।मानवता की इससे बड़ी सेवा कोई नहीं हो सकती।



अंगदान का संकल्प लेना सबसे सरल और प्रभावशाली दान है। इसमें केवल कुछ ही पल लगते हैं – लेकिन यह प्रतिज्ञा जीवनभर की विरासत बन जाती है,जो किसी और के जीवन को रोशनी देती है।
आज भारत में लगभग पांच लाख लोग विभिन्न अंगों की प्रतीक्षा सूची में हैं।
इस प्रतीक्षा सूची में हर बीतता दिन किसी के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन सकता है।
इसीलिए अंगदान के प्रति जागरूकता और प्रतिज्ञा लेना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।
राजस्थान इस दिशा में हमेशा अग्रणी रहा है। राजस्थान आज देश में दूसरे स्थान पर है । अब तक 90,000 से अधिक नागरिकों ने इस महान कार्य के लिए संकल्प लिया है।
हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी मन की बात सहित कई अवसरों पर अंगदान की प्रतिज्ञा लेने का आ''ान किया है।
एमएफजेसीएफ के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स की भूमिका के बारे में बताया। हर सफल अंग प्रत्यारोपण के पीछे एक ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर (TCT) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे संभावित दाताओं की पहचान करने से लेकर ग्रीन कॉरिडोर का प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था, और दानदाता परिवारों को सहयोग देने तक हर कदम पर सक्रिय रहते हैं। वास्तव में, ये अंगदान अभियान के अनकहे नायक – Unsung Heroes हैं। जिनकी मेहनत और संवेदनशीलता हर जीवनदान की नींव है।
हम देश का पहला राज्य हैं जहाँ '' अंगदाता स्मारक (Angdaata Statue)'' स्थापित की गई है –यह स्मारक अंगदाताओं की स्मृति में बना है,बिलकुल वैसे ही जैसे शहीद स्मारक हमारे वीरों के बलिदान को अमर बनाता है।
आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के प्रति प्रेरित करेंगे,दानदाता परिवारों का सम्मान करेंगे, और इस प्रतीक्षा सूची को कम करने में अपना योगदान देंगे।
क्योंकि हर एक प्रतिज्ञा, हर एक अंग, और हर एक कोऑर्डिनेटर का प्रयास किसी न किसी को नई ज़िंदगी का उपहार देता है – और यही मानवता का सबसे महान उपहार है।
उद्घाटन सत्र में सुश्री श्रेया विशिष्ट अतिथि रही। श्रेया के वर्ष 2015 में एक बस एक्सीडेंट में एक दुर्घटना के बाद दोनों हाथ सर्जन द्वारा काटने पड़े थे। उसके उपरांत वर्ष 2017 में एक ब्रांडेड व्यक्ति के दोनों हाथों दोनों हाथ उनको अंगदान के रूप में प्राप्त होने पर उनकी सर्जरी की गई।
अब वर्तमान में श्रेया पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं एवं अपना सारा कार्य स्वयं करने में सक्षम है।

विकास का मजबूत रास्ता केंद्र व राज्य के एक दिशा में काम करने पर ही संभव : मनोज तिवारी

- **''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की भावना से प्रेरित बेंगलूरु में हुआ भव्य आयोजन, इंद्र कुमार नाहर ने दी जानकारी**

चमकता राजस्थान/बेंगलूरु। भव्य दशहरा उत्सव के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' के विचारों से प्रेरित होकर एक रंगारंग शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन यहां विद्यारण्यपुरा में हुआ। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें विशेष रुप से बिहार के लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज तिवारी सांसद दिल्ली, भाजपा बिहार के प्रदेश सचिव रत्नेश खुसवाहा, प्रदेश सचिव थमेश गौड़ा, श्री दत्तात्रेय, ऑल प्रकोष्ठ प्रभारी, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के महासचिव इंद्रकुमार नाहर, राज्य सह-संयोजक, विविध भाषिक प्रकोष्ठ, भाजपा कर्नाटक सनी राज सहित ओम प्रकाश, अशुतोष कुमार, धर्मेंद्र पटेल, सुनील ठाकुर, वीर बहादुर, उदय कुमार, सतेन्द्र सिंह, संजय उज्जैन, निर्भय, ब्रजेश, राम प्रवेश, राजन शर्मा तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। नाहर ने बताया कि इस दौरान लगभग 8 हजार लोगों की उपस्थिति ने एकता, संस्कृति और देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। थमेश गौड़ा को विशेष धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने पूरे उत्तर भारतीय समाज को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया और ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' की भावना को साकार किया। लोकप्रिय गायिका अनुपमा ने अपनी सुरम्य प्रस्तुति से पूरे जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही मनोज तिवारी ने भी अपने ऊर्जावान संबोधन से वातावरण को जोश और उत्साह से भर दिया। उन्होंने कहा कि विकास का रास्ता तभी मजबूत होगा जब केंद्र और राज्य दोनों एक दिशा में काम करें। उन्होंने बिहार में डबल इंजन की सरकार के पुनर्गठन का आ''ान किया।रत्नेश खुसवाहा ने सभी को आगामी चुनावों के दौरान बिहार आने और अपने जन्मस्थान के विकास में योगदान देने का आ''ान किया। वहीं थमेश गौड़ा ने आश्वस्त किया कि बेंगलूरु में उत्तर भारतीय समाज को सदैव परिवार जैसा सम्मान और सहयोग मिलता रहेगा। सनी राज ने जेएसएस, माँ दुर्गा सेवा समिति, बिहार भवन, भोजपुरी समाज, नवदुर्गा सेवा समिति, ब्रह्मर्षि समाज, विश्वकर्मा समाज तथा अन्य सभी समाजों और संगठनों का हृदय से धन्यवाद प्रकट किया, जिन्होंने निरंतर स्नेह, सहयोग और समर्थन प्रदान किया है। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का एक उज्ज्वल प्रतीक रहा।

आगोलाई की उड़नपरी रविना डऊकिया ने 800 मीटर में गोल्ड जीत कर बनाई गोल्ड मेडल की हैट्रिक, गजल सबरवाल ने 400 मीटर में जीता कांस्य पदक

चमकता राजस्थान

जोधपुर ग्रामीण/ हनुमान सिंह घंटियाला। आगोलाई गांव स्थित यशवंत बाल विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रविना डऊकिया ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग जोधपुर की तरफ से गौशाला मैदान में चल रही 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर गोल्ड मेडल की हैट्रिक बनाकर इतिहास बनायोयशवंत स्कूल आगोलाई के संचालक



सुमेरराम पूनिया ने बताया कि शिक्षा विभाग की तरफ से गौशाला मैदान में आयोजित 69वीं जोधपुर जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता की एथेलेटिक्स स्पर्द्धा के तहत अंडर 17 छात्रा वर्ग की 800 मीटर दौड़ में रविना डऊकिया ने गोल्ड मेडल जीतकर इस प्रतियोगिता में कुल तीन व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रच दियोरविना डऊकिया ने इससे पहले इसी प्रतियोगिता में 3000 व 1500 मीटर में भी गोल्ड जीत चुकी है वही शुक्रवार को ही 400 मीटर दौड़ में विद्यालय की बालिका गजल सबरवाल ने भी कांस्य पदक जीतकर दोनों ही बेटियों ने स्कूल, परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन कियोविद्यालय की दोनों ही बेटियों द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड व कांस्य पदक जीतने पर विद्यालय परिवार व ग्रामीणों ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

दिवाली महोत्सव पर ब्यावर को बनाएंगे स्वच्छ और रोशन जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

कैलाश फुलवारी/ब्यावर। ब्यावर में 10 अक्टूबर को आगामी दिवाली महोत्सव की तैयारियों एवं सरकारी फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने दिवाली पर्व पर शहर की साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था एवं सजावट को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्यावर शहर को स्वच्छ, सुंदर और रोशन बनाने के लिए प्रत्येक विभाग समन्वय के साथ कार्य करे।जिला कलेक्टर ने रोड लाइटों से जुड़ी जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण, शहर के मंदिरों, मुख्य मार्गों और चौराहों की रंग-रोगन व सजावट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि ''दिवाली स्वच्छता का पर्व है, और इस अवसर पर शहर की सुंदरता हर नागरिक के सहयोग से झलके।बैठक में जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिवाली महोत्सव की तैयारियों को मिशन मोड में पूरा किया जाए। शहर के सभी प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, जल निकासी, सड़क मरम्मत और विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान भी सभी अधिकारी सतर्क रहें, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, नगर परिषद को निर्देश दिए गए कि सफाई कर्मियों की ड्यूटी चार्ट पूर्व निर्धारित कर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए, जिससे दिवाली के दिनों में ब्यावर शहर पूरी तरह स्वच्छ, सुसज्जित और जगमगाता हुआ दिखाई दे।बैठक में नगर परिषद आयुक्त, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, एवं एवीवीएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें और आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता में रखें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाल लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर के अध्यक्ष बने सिसोदिया, पिरगल महासचिव एवं भूरट कोषाध्यक्ष मनोनीत



चमकता राजस्थान/बेंगलूरु। महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर सेंटर की यहां गोडवाड़ भवन में चेयरपर्सन भारती छाजेड की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई। इस आम सभा में आगामी दो वर्ष 2025-2027 के लिये सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर नए पदाधिकारियों की घोषणा की। महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर के अध्यक्ष पद पर विजय राज सिसोदिया को जिम्मेदारी दी गई। सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद सिसोदिया ने आशिक पिरगल को महासचिव, मनोज बाफना, दिनेश लोढ़ा, कमल पुनमिया को उपाध्यक्ष व पदम भूरट को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष सिसोदिया ने रमेश दक, सुशील तलेसरा, भेरूमल भंडारी, अनिल संकलेचा एवं कैलाश संकलेचा को सलाहकार बनाने की एवं शीघ्र ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम करने की घोषणा भी की।

समाजसेवी,भाजपा के नेता वीरेंद्र शर्मा की याद में भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम

चमकता राजस्थान/जयपुर। कर्मयोगी व्यक्ति के धनी ऊर्जावान, संघर्षशील सभी के लिए सहयोगी, जनसेवक भारतीय जनता पार्टी हवा महल विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के भूतपूर्व पदाधिकारी, जागृति आर्ट सोसाइटी जयपुर राजस्थान के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा की मासिक पुण्यतिथि पर वीरेंद्र शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर आज 500 व्यक्तियों का भोजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



ट्रस्ट के महासचिव विशाल शर्मा ने बताया कि इस आयोजन ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी पर प्रात 7:15 से भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया जो प्रत्येक माह की 10 तारीख को इसका आयोजन किया जाएगा।

राजकीय कन्या महाविद्यालय बाड़ी में नशे से बचाव एवं हानियों पर कार्यशाला आयोजित



चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी। राज्य सरकार द्वारा संचालित ''नई किरण नशामुक्ति अभियान'' के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाड़ी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. एम. के. सिंह के निर्देशन में तथा महाविद्यालय प्रभारी गुमान सिंह मीणा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक का कार्य डॉ. योग्यता शाक्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर के अध्यक्ष एवं दैनिक चमकता राजस्थान के पत्रकार रामदास तरुण ने छात्राओं को नशे से होने वाली हानियों एवं उसके बचाव के उपायों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज तीनों को विनाश की ओर ले जाता है। हिंदी साहित्य के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाशराम गुर्जर ने नशे के दंश से प्रभावित परिवारों और जिंदगियों को सुधारने के उपाय बताए। वहीं गुमान सिंह मीणा ने नशे से होने वाली बीमारियों एवं उसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व पारिवारिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।राजनीतिविज्ञान के सहायकाचार्य केशव यादव ने मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इतिहास विभाग के डॉ. कबीर शरण ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बताया कि भारत में तंबाकू सेवन का चलन पुर्तगालियों के माध्यम से प्रारंभ हुआ। डॉ. योग्यता शाक्य ने कहा कि नशा केवल एक आदत नहीं बल्कि युवाओं को अंदर से खोखला करने वाला जहर है। संस्कृत विभाग के डॉ. नीतेश भारद्वाज ने प्राचीन ग्रंथों में वर्णित नशे से होने वाली बीमारियों व उनके उपचार का उल्लेख किया। हिंदी साहित्य के डॉ. महेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि शराब और अन्य नशे राष्ट्र के भविष्य को भी प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम में मुस्कान व शानू पोषवाल ने नशामुक्ति पर अपने विचार रखे। अंत में सभी छात्राओं ने ''नशे को ना कहें, जीवन को हां कहें'' की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. मुज़म्मिल शैली, बाबर अली, डॉ. सद्दाम हुसैन सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

महिंद्रा ने लॉन्च की नई थार: नया डिजाइन, बेहतर आराम और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ – शुरुआती कीमत 9.99 लाख रुपये

चमकता राजस्थान

अलवर। भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज नई थार 9.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च की। नए डिजाइन तत्वों, उन्नत आराम सुविधाओं और स्मार्ट टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन के साथ, इस प्रतिष्ठित एसयूवी को शहरी आवागमन को फिर से परिभाषित करने और ऊबड़-खाबड़ वीकेंड के रोमांच को बढ़ाने के लिए इंजीनियर किया गया है।
अद्वितीय क्षमता और एक कालातीत डिजाइन के साथ, 'थार' ब्रांड ने 3 लाख से अधिक भावुक मालिकों का एक समर्पित समुदाय अर्जित किया है। यह सिर्फ एक एसयूवी से कहीं अधिक है, यह एक जीवनशैली का प्रतिनिधित्व करता है, जो पीढ़ियों को रोमांच और खोजबीन को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।
महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी - ऑटोमोटिव डिवीजन, नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा, ₹इन वर्षों में, थार सिर्फ एक एसयूवी से कहीं अधिक बन गया है - यह स्वतंत्रता, रोमांच और एक जीवनशैली का प्रतीक है जो हमारे ग्राहकों के साथ गहराई से जुड़ता है। महिंद्रा में, हम अपने ग्राहकों को सुनने और उनकी ज़रूरतों के साथ विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यही वजह है कि नया थार उनके फीडबैक और हमारे ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के हमारे समर्पण दोनों को दर्शाता है। नए डिज़ाइन तत्वों, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, बेहतर आराम और सुविधा सुविधाओं के मिश्रण से, नया थार एक अद्वितीय ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है जो हमारे ग्राहकों को शहरी और ऑफ-रोड दोनों सेटिंग्स में असीमित संभावनाओं का पता लगाने का अधिकार देता है।₹

● एक बिल्कुल नया रूप

नई थार के बाहरी हिस्से में एक विशिष्ट फ्रंट ग्रिल है, जिसे ड्यूल-टोन फ्रंट बम्पर और R18 अलॉय व्हील्स द्वारा पूरक किया गया है, जो सभी मिलकर वाहन की अनूठी उपस्थिति में योगदान करते हैं। अंदर, ऑल-न्यू ब्लैक थीम डैशबोर्ड और नया स्टीयरिंग व्हील इंटीरियर सौंदर्यशास्त्र को एक नए स्तर का परिष्कार प्रदान करते हैं। यह छह रोमांचक रंग विकल्पों में उपलब्ध है, जिसमें दो नए जोड़े गए हैं: टैंगो रेड और बैटलशिप ग्रे।

● एलिवेटेड डेली कंफर्ट

आराम और सुविधा को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए, नए थार में रियर एसी वेंट्स हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि दूसरी पंक्ति के यात्री एक आरामदायक ड्राइव का आनंद लें, जबकि स्लाइडिंग आर्मरेस्ट और डेड पेडल (AT) ड्राइवर के लिए अतिरिक्त आराम प्रदान करते हैं। डोर-माउंटेड पावर विंडोज और रियर-व्यू कैमरा ड्राइविंग में आसानी प्रदान करते हैं, और आंतरिक रूप से संचालित फ्यूल लिड परेशानी मुक्त ईंधन भरने को सुनिश्चित करता है। रियर वा-ॅश और वाइपर विपरीत मौसम की स्थितियों में दृश्यता बनाए रखने के लिए एक अमूल्य अतिरिक्त है। इसके अतिरिक्त, ए-पिलर एंट्री असिस्ट हैंडल आसानी से अंदर और बाहर निकलने के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करता है।

● स्मार्ट कनेक्टिविटी और सुविधाएं

नया थार एक 26.03 सेमी एचडी इंफोटेनमेंट स्क्रीन से लैस है जो एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले दोनों का समर्थन करता है, साथ ही टाइप-सी यूएसबी पोर्ट्स के साथ, आपके स्मार्टफोन की कार्यक्षमताओं का निर्बाध एकीकरण प्रदान करता है। टायर डायरेक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम टायर के ओरिएंटेशन पर वास्तविक समय की जानकारी देता है, जिससे सुरक्षा बढ़ती है। साहसिक उत्साही लोगों के लिए, एडवेंचर स्टैट्स जेन क्कसुविधा रेसिंग टैब, अल्टीमीटर, बाहरी तापमान और दबाव, ट्रिप मीटर और स्टीयरिंग दिशा जैसे मूल्यवान ऑफ-रोड डेटा प्रदान करती है, जो आपकी यात्रा में एक अतिरिक्त आयाम जोड़ती है और एक स्मार्ट तथा कनेक्टेड ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित करती है।
महिंद्रा विविध ड्राइविंग प्राथमिकताओं के अनुरूप कई इंजन विकल्प प्रदान करता है, जो कई ट्रांसमिशन के साथ जोड़े जाते हैं - 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन, 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, आरडब्ल्यूडी के साथ-साथ 44 कॉन्फ़िगरेशन में भी।

आइकॉनिक डिजाइन

- » ड्यूल-टोन बंपर के साथ विशिष्ट फ्रंट ग्रिल।
- » नए स्टीयरिंग व्हील के साथ ऑल-न्यू ब्लैक थीम डैशबोर्ड।
- » छह रंग विकल्प, जिनमें दो नए शामिल हैं – टैंगो रेड और बैटलशिप ग्रे।
- » कंफर्ट और सुविधा
- » स्लाइडिंग आर्मरेस्ट और रियर एसी वेंट्स वाला नया सेंटर कंसोल।
- » डोर-माउंटेड पावर विंडोज, आंतरिक रूप से संचालित फ्यूल लिड, डेड पेडल (AT)।
- » रियर वॉश और वाइपर, ए-पिलर एंट्री असिस्ट हैंडल, रियर व्यू कैमरा।
- » स्मार्ट तकनीक
- » एंड्रॉइड ऑटो और एपल कारप्ले के साथ 26.03 सेमी एचडी इंफोटेनमेंट स्क्रीन।
- » टाइप-सी यूएसबी पोर्ट (आगे और पीछे), एडवेंचर स्टैट्स जेन II।

संक्षिप्त समाचार

राज्य स्तरीय कराटे में मॉडल स्कूल फलोदी के दो विद्यार्थियों ने जीते कांस्य पदक



चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, फलोदी के दो विद्यार्थियों ने 69वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय और फलोदी नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के व्याख्याता विशंभर थानवी ने बताया कि छात्रा मूली भील और छात्र जय नोखड़ा ने अपने-अपने भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र थानवी ने दोनों विजेताओं को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक महिपाल सिंह के मार्गदर्शन की सराहना की। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण अवतार सिंह, आसुराम परिहार, नरेंद्र शर्मा, प्रेमाराम बिश्नोई, शैतान सिंह राजपुरोहित, सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, वासुदेव गर्ग, फतेह राज पुरोहित, स्वर्ण सिंह, जेठाराम, पोलाराम, महावीर कुमावत, गोपीलाल माली, अमिला चौधरी, योगेश व्यास, मनोहर सिंह राजपुरोहित,संजय मीणा,विक्रम रामावत, पूजा सोलंकी, विष्णु कुमार, सुखराम प्रजापत, सुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय विकास के लिए दिये दो लाख रुपये



चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मानटाउन के स्टाफ ने नवाचार 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर विद्यालय विकास हेतु दो लाख रुपये दिये। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन के स्टाफ कर्मियों ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग तथा जिला कलेक्टर कानाराम जी के मार्गदर्शन में संचालित नवाचार 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर एक अनुकरणीय पहल की है।

विद्यालय के स्टाफ ने आपसी सहयोग से मुख्यमंत्री (जनसहभागिता) विद्यालय विकास योजना 40:60 के तहत 2 लाख रुपये की राशि एकत्रित कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में उक्त राशि का चैक जिला कलेक्टर काना राम को सुपुर्द किया।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत, जन सहयोग से 40 प्रतिशत राशि प्राप्त होने पर 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

इस जनसहयोग के परिणामस्वरूप, विद्यालय को राज्य सरकार से 3 लाख की राशि का अतिरिक्त अनुदान सहित विद्यालय को कुल 5 पाँच लाख रुपये की राशि मिलेगी। इस संपूर्ण राशि का उपयोग प्रार्थना प्रांगण में मंच और इंटरलॉकिंग कार्य करवाने में किया जाएगा।

विद्यालय प्राचार्य चंद्र शेखर जोशी ने बताया कि इससे पूर्व भी स्टाफ के सहयोग से दो कक्षों की छत और फर्नीचर आदि का कार्य करवाया जा चुका है। स्टाफ की यह पहल निश्चित रूप से जिले के अन्य विद्यालयों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेगी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक समसा कालूराम बैरवा, विद्यालय प्राचार्य चंडशेखर जोशी, स्टाफ कर्मी पुष्पेंद्र, इम्तियाज, वीना गुप्ता, दामोदर, रेखा, मुकेशी मीना, मंजू शर्मा, बीना वर्मा, टीना, मुकेश मीणा, बबलू गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

''जीएसटी उत्सव'' मनाने का निर्णय, पीएम मोदी के 'स्वदेशी अपनाओ' संकल्प को प्रत्येक व्यापारी तक पहुंचाएंगे

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की चेयरमैन सिंघी की अध्यक्षता में 7वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न

चमकता राजस्थान





नई दिल्ली। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्ल्यूबी) की 7वीं बोर्ड बैठक राजधानी के वाणिज्य भवन में चेयरमैन सुनील सिंघी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में भारत सरकार में संयुक्त सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग संजीव कुमार ने चेयरमैन सुनील सिंघी को उनके द्वितीय कार्यकाल के लिए बधाई दी। उन्होंने बोर्ड सदस्यों के सतत प्रयासों और व्यापारी समुदाय के हितों को सशक्त बनाने के लिए उनके योगदान की भी सराहना की। इस दौरान चेयरमैन सुनील सिंघी ने अपने संबोधन में हाल ही में लागू नेक्स्ट जेन.झ जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रशंसा की, जो 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। उन्होंने बताया कि देशभर में व्यापारी समुदाय द्वारा मनाया गया ''जीएसटी बचत उत्सव'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है, जिनके परिवर्तनकारी निर्णयों से उपभोक्ताओं और व्यापारियों को महत्वपूर्ण राहत और बचत मिली है। इस दौरान सिंघी ने यह भी बताया कि पिछले 100 दिनों में ''स्वदेशी अपनाओ'' अभियान के अंतर्गत देशभर में लगभग 1100 कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किए गये। जो आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। इस मौके पर कर्नाटक राज्य से बोर्ड के सदस्य प्रकाश पिरगल ने भारत सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती के निर्णय की सराहना की, उन्होंने इसे व्यापारी जगत तथा आम जनता के लिए स्वागतयोग्य कदम बताया। इस अवसर पर बोर्ड ने भी पूरे देशभर में ''जीएसटी उत्सव'' मनाने का निर्णय लिया। बैठक का एक प्रमुख विषय ₹वोकल फॉर लॉकल₹ पहल रहा। इस अवसर पर ''गर्व से कहो, ये स्वदेशी है'' पोस्टर का विमोचन किया गया, जो पीएम मोदी के स्वदेशी उत्पादों को गर्वपूर्वक अपनाने और प्रदर्शित करने के संदेश को आगे बढ़ाता है। सभी सदस्यों ने इस अभियान के राजदूत बनकर इसे देशभर में व्यापक रुप से प्रसारित करने का संकल्प लिया। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि आयकर में 12 लाख तक की कर छूट देकर आम जनता और व्यापारियों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। अंत में, प्रकाश पिरगल ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी अपनाओ' संकल्प को प्रत्येक व्यापारी तक पहुंचाना और उसे अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाना ही हम सबका लक्ष्य है।

एनवायरमेंट, सोशियल, गवर्नेंस को लेकर राष्ट्रीय कांफ्रेंस 11 से बीकानेर के लक्ष्मी निवास पैलेस में

- चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल के नेतृत्व में यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना को आगे बढ़ा रहा

चमकता राजस्थान



बीकानेर। यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन (यूजीपीएफ) की ओर से फाउंडेशन के स्थापना के प्रथम वर्ष के मौके पर संभाग मुख्यालय के लक्ष्मी निवास पैलेस में दो दिवसीय प्राचीन भारतीय दर्शन और ईएसजी मूल्यों से जुड़ेगा समग्र कल्याण का भविष्य विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन 11 और 12 अक्टूबर को किया जाएगा।

यह जानकारी शुक्रवार को एक पत्रकार सम्मेलन में नीति विशेषज्ञ व जी 20 प्रतिनिधि, फाउंडेशन निदेशक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर व शक्तिसिंह बांदीकुई ने संयुक्त रुप से पत्रकारों को दी। फाउंडेशन के चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल के नेतृत्व में यूजीपीएफ शिक्षा, सेवा, संस्कृति और सतत विकास के माध्यम से ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन ईएसजी (एनवायरमेंट, सोशियल, गवर्नेंस) फ्रेमवर्क को भारतीय सांस्कृतिक एवं नैतिक परंपराओं से जोड़ते हुए होलिस्टिक वेलबिंग (समग्र कल्याण) के लिए एक अभिनव और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा। डॉ. तोमर व शक्तिसिंह ने यह भी बताया कि शिरकत करने वाले प्रमुख अतिथिगणों में विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदित भिड़े, गांधी आश्रम, पुरी (इंडोनेशिया) के संस्थापक पद्मश्री डॉ. अगुस उदयाना, भारत सरकार के क्षमता विकास संगठन के सदस्य आर. बालासुब्रमण्यम, मध्यप्रदेश पुलिस के आईपीएस एडीजी राजा बाबू सिंह, भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया के निदेशक प्रो. विनीता, कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक डॉ. विनय रंजन, भारतीय कॉरपोरेट मामलों का संस्थान आईआईसीए, नई दिल्ली के सीईओ महानिदेशक ग्यानेश्वर कुमार सिंह सहित देशभर के लगभग चालीस प्रमुख बुद्धिजीवी एवं विशेषज्ञगण इस आयोजन में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के प्रमुख उद्देश्यों में पर्यावरणीय सामंजस्य के तहत प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण और सतत जीवनशैली जैसे विषयों पर व्यावहारिक मॉडल की प्रस्तुति, सामाजिक कल्याण ढांचे के तहत समता सह-अस्तित्व औक्र करुणा आधारित समाज की पुनर्रचना की दिशा में संवाद, नैतिक शासन प्रणाली के तहत जवाबदेही, पारदर्शिता और धर्मसम्मत निर्णय प्रक्रिया आधारित प्रशासनिक मॉडल शामिल है।

कपिल गुर्जर भौंड़ा गांव बने प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया जिला महासचिव

चमकता राजस्थान



वैर(राजवीर सिंह)। प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया के संस्थापक प्रियंका गांधी व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद परिडवाल के दिशा निर्देशन पर जिला अध्यक्ष पुस्पेंद्र सिंह गोठरा ने संगठन विस्तार के तहत युवा नेता कपिल गुर्जर निवासी भौंड़ा गांव वैर को जिला महासचिव बनाया है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह मैं कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे राजस्थान में संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर कपिल गुर्जर भौंड़ा गांव ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी कमलजीत सिंह सतपाल सिंह, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व कैबिनेट महाराजा विश्वेंद्र सिंह एवं करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव, भरतपुर सांसद संजना जाटव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कपिल गुर्जर ने आभार जताया। कपिल गुर्जर ने कहा कि मैं संगठन के प्रति पूर्ण ईमानदारी के साथ काम करूंगा पार्टी के विचारधारा पर सदैव संगठन के अध्यक्ष उद्देश्य के प्रति समर्पित रहूंगा इस अवसर पर जिला महासचिव को सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

बिजली स्मार्ट मीटर बना जी का जंजाल

- जिला कलेक्टर कार्यालय सहित कई घरों में हुआ अंधेरा
- डिस्कॉम के जिम्मेदारों ने झाड़ा पल्ला

चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी। डिस्कॉम द्वारा जिले में लगाए गए बिजली के स्मार्ट मीटर को अचानक पोस्ट पेड़ से प्री पेड़ में बदलने से जिला कलेक्टर कार्यालय सहित सभी कनेक्शनधारको की बिजली बंद हो गई । स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारीयो ने आनन फानन में जिला कलेक्टर कार्यालय की विधुत सप्लाई शुरू की गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार डिस्कॉम द्वारा एक निजी कंपनी के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय , आवास सहित कई उपभोक्ताओं के यहां पर स्मार्ट मीटर लगाया गया था लेकिन बताया जाता है कि इस मीटर को अभी तक पोस्ट पेड़ किया हुआ था लेकिन अचानक पीछे से इस की किस्म बदल कर प्री पेड़ कर दिया जिससे अभी तक लगाए गए अधिकांश स्मार्ट मीटर बंद हो गए जिससे विधुत उपभोक्ताओं के घरों की विधुत सप्लाई ठप हो गई। ऐसे में जिन बिजली कनेक्शन धारकों के स्मार्ट लगे हुए थे उनके घर में अंधेरा हो गया । इसमें जिला कलेक्टर कार्यालय भी सलित बताया जा रहा है। हालांकि इसको लेकर डिस्कॉम के जिम्मेदारों से संपर्क किया गया लेकिन इस संबंध में कोई कुछ कहने को तैयार ही नहीं है। उनका कहना है कि यह कार्य एक निजी कंपनी को ठेके पर दे रखा है इस कारण विधुत विभाग के पास इसको लेकर कोई जानकारी नहीं है। इसकी संपूर्ण जानकारी ठेका कंपनी ही दे सकती है। ज्ञात रहे विधुत स्मार्ट मीटर को नहीं लगाने की मांग को लेकर सर्व समाज के बैनर तले फलोदी ऐतिहासिक बंद रखा गया था। लेकिन फिर भी जिले में बिजली के स्मार्ट मीटर धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं।

जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज ने मनाया करवा चौथ पर्व



चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर। अध्यक्ष निरूपा पटवा ने बताया की जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज ग्रुप द्वारा इन महिलाओं के लिए आगे बढ़ाने और मनोबल बढ़ाने के लिए चेहरे पर ख़ुशी देखने के लिए सेवा के साथ साथ तरह तरह के मनोरंजन के कार्यक्रम भी किए जाते है। जिसमें करवा चौथ सेलिब्रेशन किया गया पचास से ज़्यादा उपहार गेम्स म्यूजिक मस्ती अल्पाहार आदि खिलाये गए। इसमें निरूपा पटवा की टीम के प्रमुख सहयोगी सचिव तारा सोलंकी आदि लगभग अस्सी महिलाए उपस्थित रहे। अध्यक्ष निरूपा पटवा ने बताया की जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन में जिसमे ग्रुप की समस्त महिला सदस्यों ने जो की अलग अलग क्षेत्र से हे ये समस्त महिला सदस्यों द्वारा अपनी शादी की सालगिरह , परिवार जन की पुण्यतिथि एवं जन्मदिन के उपलक्ष मैं वर्ष पर्यंत सेवा कार्य करती है एवं महिलाएँ हाथ खर्ची और सेविंग से इन कार्यों को पूरा करती है प्रति वर्ष लगभग बीस लाख से ज़्यादा ख़र्च किए जाते हैं। महिला सशक्तिकरण ,सेल्फ डीफेंस ,रोजगार आदि के लिय भी कार्य किया जाता है। जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज ग्रुप ने रक्त दान , बाल ग्रह मैं मंदबुद्धि और छोटे बच्चों के मनोरंजन लिए टीवी लगवाया।

नर्सिंग महाविद्यालय जोधपुर में मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया

- मानसिक स्वास्थ्य पर सही समय पर देखभाल, व्यक्ति के स्वास्थ्य व सुखी जीवन के लिए मिलती है मदद :तेतरवाल

चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी /जोधपुर। मानसिक रोगों के बारे में लोगों को जागरूक करने व मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों पर समय से ध्यान देने के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जोधपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नर्सिंग महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व फैकल्टी के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अधिक से अधिक जानकारी व जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश तेतरवाल ने अपने उद्बोधन मे बताया की मानसिक स्वास्थ्य पर सही समय पर देखभाल, व्यक्ति के स्वास्थ्य व सुखी जीवन में मदद करती हैं। विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से नाट्य मंचन द्वारा इस वर्ष की थीम के बारे में संदेश दिया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर अलका व उप प्रधानाचार्य मुरली धर शर्मा व मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पामेला गहलोत द्वारा इस वर्ष की मेंटल हेल्थ डे थीम पर प्रकाश डाला गया। एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन के माध्यम से वर्ड मेंटल हेल्थ डे के मौके पर विभिन्न परिस्थितियों के दौरान सही उपचार के संबंध में जानकारी दी। स्ट्रेस व डिप्रेशन की समस्याएं लोगों में आम हो गई है, इसके लिए जागरूकता हेतु संदेश दिया गया। शांत दिमाग, सकारात्मक सोच व आपस में मिलने जुलने से मानसिक रोगों की संभावना कम रहती हैं। कार्यक्रम के अंत में मंजू शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कृति सेनन कैंपस शूज़ के नए कैंपेन 'यू गो, गर्ल!' में सामाजिक बंधनों को तोड़ती नज़र आईं

आत्मविश्वास, प्रमाणिकता और सहजता के साथ अपने विकल्पों पर जीवन जीने वाली महिलाओं का जश्न

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली/संवाददाता। भारत के सबसे बड़े और सबसे तेज़ी से बढ़ते स्पोर्ट्स और एथलीज़र ब्रांड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने आज अपने चर्चित कैंपेन 'यू गो, गर्ल!' का दूसरा अध्याय प्रस्तुत किया। इस बार भी इसकी पहचान बनी हैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन। पहले अध्याय में जहाँ 'यू गो, गर्ल!' कैंपेन ने महिलाओं को अपने फैशन और अंदाज़ को आत्मविश्वास से अपनाने के लिए प्रेरित किया था, वहीं इस साल का संस्करण उस सोच को और आगे ले जाता है। यह कैंपेन केवल फैशन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि महिलाएँ किस तरह अपनी दुनिया गढ़ने की क्षमता रखती हैं और समाज के ठप्पों, रूढ़ धारणाओं और तयशुदा सोच से बेपरवाह होकर अपना जीवन जीने को स्वतंत्र हैं

कैंपेन की फिल्म उस एहसास को सामने लाती है जिससे हर महिला वाकिफ़ है जैसे समाज के ठप्पों और धारणाओं का बोझ, और उससे ऊपर उठने की ताक़त। फिल्म में कृति सेनन एक रोशन और आकर्षक लॉबी में प्रवेश करती हैं। अचानक ही, वे चारों ओर से समाज की रूढ़ धारणाओं और शब्दों से घिर जाती हैं. ''बहुत महत्वाकांक्षी'', ''बहुत बोल्ड'', ''राय देने वाली'', ''ड्रामा क्वीन'' जैसी परिभाषाएँ मानो जीवित हो उठती हैं और उन्हें रोकने की कोशिश करती हैं लेकिन कृति अपनी गति नहीं खोतीं। आत्मविश्वास से भरे हर कदम के साथ वे उन सभी को पीछे छोड़ती जाती हैं। उनका सहज और जोशीला अंदाज़ हर उस धारणा को तोड़ देता है, जो उन्हें रोकने के लिए खड़े किए गए थे। और जब वे आखिरकार इन धारणाओं से आगे निकलती हैं, तो मुस्कुराते हुए अपने स्टाइलिश कैंपस शूज़ की ओर देखती हैं और कहती हैं–''डैम्न गुड शूज़, यार!''

फिल्म एक सशक्त संदेश के साथ खत्म होती है, जो कैंपस के मूल विश्वास को दर्शाता है–

''दे विल ऑल्वेज़ हैवे समथिंग टू से. यू गो, गर्ल! मूव योर वे!''

कैंपेन देखने के लिए यहाँ क्लिक करे - https://www.youtube. com/watch?v=1dS11Tf9yUo

निखिल अग्रवाल, सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा ''यू गो, गर्ल!' उन महिलाओं को सलाम है जो समाज के तमाम धारणाओं से बेपरवाह रहकर अपनी पसंद से जीवन का हर कदम उठाती हैं और अपनी शर्तों पर आगे बढ़ती हैं। यू गो, गर्ल!' उन महिलाओं को समर्पित है जो तयशुदा सीमाओं से मुक्त होकर आत्मविश्वास और अपने निर्णयों की ताक़त के साथ जीवन जीती हैं। यही आत्मविश्वास और अपने व्यक्तित्व पर भरोसा इस अभियान की प्रेरणा है और यही हमारे ब्रांड कैंपस की सोच 'मूव योर वे' का मूल भी है। हमारा मानना है कि जब प्रामाणिकता और आत्मविश्वास सहचर बनते हैं तो हर कदम सार्थक हो जाता हैं । इस कैंपेन की नीव इसी सोच पर रखी गई है, जो महिलाओं को अपनी व्यक्तित्व से जुड़ा सबसे सशक्त और निर्णायक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है। कृति सेनन इस विचारधारा को अपने व्यक्तित्व से जीवंत करती हैं। उनकी सत्यनिष्ठा और महत्वाकांक्षा नई पीढ़ी की महिलाओं की ऊर्जा और कैंपस के मूल सिद्धांतों का सशक्त प्रतीक है।''

कैंपेन के बारे में बात करते हुए कृति सेनन ने कहा ''हर महिला को कभी न कभी यह बताया गया है कि उसे क्या करना चाहिए, उसे कैसा दिखना है, और जीवन में कितना आगे तक बढ़ना चाहिए। 'यू गो, गर्ल!' मुझे इसलिए बेहद करीब लगा क्योंकि यह मेरे लिए इसलिए ख़ास है क्योंकि ये सिर्फ़ मेरी कहानी नहीं, बल्कि उन तयशुदा नज़रियों और धारणाओं के सच को भी उजागर करता है जिन्हे हर दिन तमाम महिलाएं पार कर आगे बढ़ती हैं। यह कैंपेन अपने चुनावों को अपनाने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश देती है। कैंपस ने हमेशा व्यक्तिगतता और प्रामाणिकता को महत्व दिया है और यही साझेदारी को ख़ास बनाता है। यह फैशन से कहीं आगे जाकर आत्म-अभिव्यक्ति और साहस को स्वीकार करने और उसे सेलिब्रेट करने का तरीका है।''

हेमंत श्रींगी, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर एवं मैनेजिंग पार्टनर, वॉन्डरलैब ने कहा '' रूढिवादी मान्यतायें और तरह-तरह के सामजिक ठप्पे पूर्वाग्रहित समाज की निशानी है जो हमें दायरों मे सीमित करता है यह तब तक चलता है जब तक कि हम उन्हें सुनना बंद न कर दें। इस फिल्म में हमने यही सच्चाई दिखाने की कोशिश की है। कृति उन सभी पूर्वाग्रहों के बीच सहजता से आगे बढ़ती हैं और यह साबित करती हैं कि आत्मविश्वास किसी को कुछ साबित करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जानने का नाम है कि आप कौन हैं और अपनी राह पर आपको हमेशा डटे रहना है। यही 'यू गो, गर्ल!' का असली सार है।''

संक्षिप्त खबरें

शीतकाल के लिए श्री हेमकुंड साहिब व लोकपाल के कपाट बंद



गोपेश्वर। उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और हिंदुओं के पवित्र धाम लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए शुक्रवार अपराह्न बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के अवसर पर गोविंदधाम (घांघरिया) से रागियों समेत चार हजार श्रद्धालु श्री हेमकुंड साहिब पहुंचे। खुशनुमा मौसम और बर्फ से ढकी सप्तश्रृंग घाटी के दिव्य नजारे के बीच, अमृतसरी रागी जत्थे की ओर से शबद कीर्तन और सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद अरदास और जो बोले सोनिहाल के उद्घोष के साथ कपाट बंद कर दिए गए। इस अवसर पर सेना के बैंड की मधुर धुनों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा और वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बर्फबारी के दौरान पुलिस के सहयोग की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 25 मई से आरंभ हुई श्री हेमकुंड साहिब यात्रा ने श्रद्धालुओं की संख्या मामले में पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये। इस सीजन में दो लाख 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शनों का पुण्य लाभ अर्जित किया। यह धार्मिक केंद्र केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हिन्दू-सिख आस्था के अटूट संकल्प का प्रतीक है।

चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित, अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के जज ने एक निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपित चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट जमानत याचिका पर 14 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने 8 अक्टूबर को चैतन्यानंद सरस्वती को जेल में संन्यासी का वस्त्र धारण करने और धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अनिमेष कुमार ने जांच अधिकारी को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 3 अक्टूबर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। चैतन्यानंद सरस्वती को आगरा से गिरफ्तार किया गया था। चैतन्यानंद सरस्वती पर आरोप है कि उसने आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की थी। कॉलेज के सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस चैतन्यानंद सरस्वती के पास था ताकि वो छात्राओं पर नजर रख सके। उसने सुरक्षा के नाम पर सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर वॉशरुम के पास इंस्टाल करवाया था।

आईपीएस अधिकारी की मौत के मामले पर आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की मौत के मामले का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव से इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। इस मामले में अब तक कई आलाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और अत्याचार का आरोप लगाया। शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने मृतक के सुसाइड नोट में कथित तौर पर जातीय उत्पीड़न की बात का संज्ञान लिया है। हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी करते हुए इस संबंध में 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ के मुख्य सचिव और चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को भी नोटिस जारी कर 7 दिनों में जवाब मांगा है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में कैडेट का निधन

पुणे। खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में शुक्रवार को सुबह प्रथम टर्म के कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह का संदिग्ध परिस्थितियों में निधन हो गया। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। प्रवक्ता के अनुसार एनडीए में प्रशिक्षण ले रहे कैडेट अंतरिक्ष कुमार को उसके साथी कैडेटों ने उसी के केबिन में मृत अवस्था में पाया। उसे तुरंत खडकवासला के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह 6:30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। इस बारे में परिजनों और स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए समुदाय इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

ओरकजई हमले में शामिल 30 आतंकी ढेर

रावलपिंडी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि सात अक्टूबर को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ओरकजई जिले में हुए हमले से जुड़े 30 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस हमले में दो अधिकारियों सहित 11 सैन्यकर्मी मारे गए थे। मीडिया शाखा ने कहा कि सुरक्षा बल इस जघन्य घटना में शामिल आतंकवादियों की तलाश में चप्पा-चप्पा छान रहे हैं। द न्यूज अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर ओरकजई जिले के जमाल माया क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया है। इस दौरान भीषण गोलीबारी में 30 आतंकवादी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि ओरकजई हमले में लेफ्टिनेंट कर्नल जुनैद तारिक और मेजर तैय्यब राहत समेत 11 सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने इस सफलता के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की। नकवी ने कहा, 'आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने में शहीद सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

काठमांडू में सभा, सम्मेलन, जुलूस, धरना-प्रदर्शन करने पर रोक लगाई गई

काठमांडू। काठमांडू जिला प्रशासन ने राजधानी में किसी भी प्रकार के राजनीतिक सभा, सम्मेलन, विरोध, प्रदर्शन और धरना आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। काठमांडू में पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली की पार्टी नेकपा एमाले के युवा संगठन ने वर्तमान सरकार और जेन जी समूह के खिलाफ मोटरसाइकिल रैली निकलने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद काठमांडू के प्रमुख जिलाधिकारी ईश्वर राज पौडेल ने कहा कि एक ही दिन में कई संगठनों की तरफ से एक ही स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने के बाद यह फैसला लिया गया है। काठमांडू में सुरक्षा की संवेदनशीलता और मुठभेड़ की परिस्थिति को देखते हुए प्रशासन को यह निर्णय लेना पड़ा है। प्रमुख जिलाधिकारी पौडेल ने बताया कि शनिवार को ही कई जेन जी समूहों की तरफ से अलग-अलग समय में उसी स्थान पर अनुमति मांगने के कारण किसी को भी यह अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के हालात इस समय बने हुए हैं, उस स्थिति में किसी को भी सभा सम्मेलन या विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

'महाभारत' का एआई वर्जन 25 अक्टूबर को होगा ओटीटी पर रिलीज

एजेंसी

नई दिल्ली। 'महाभारत' की कहानी एक बार फिर ओटीटी और छोटे पर्दे पर दिखाई देगी। 'महाभारत' का एआई वर्जन 25 अक्टूबर को वेव्स ओटीटी पर रिलीज होगा। इसके बाद 2 नवंबर से हर रविवार सुबह 11:00 बजे दूरदर्शन पर इसका प्रसारण होगा। यह श्रृंखला भारत और दुनिया भर के डिजिटल दर्शकों के लिए वेव्स ओटीटी के माध्यम से एक साथ उपलब्ध होगी। इस संबंध में प्रसारण प्रसार भारती और कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने शुक्रवार को नई पीढ़ी के लिए महाभारत की पुनर्कल्पना करने के लिए साझेदारी की।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को बताया गया कि उन्नत एआई उपकरणों का उपयोग करते हुए इस श्रृंखला में महाभारत महाकाव्य के व्यापक स्वरूप, उसके पात्रों, युद्धक्षेत्रों, भावनाओं और नैतिक दुविधाओं को सिनेमा के पैमाने और अद्भुत यथार्थवाद के साथ फिर से तैयार किया गया है। यह मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया की भावना को मूर्त रूप देती है और यह दशार्ती है कि कैसे विरासत और नवाचार एक साथ आगे बढ़ सकते हैं।



प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती हमेशा से राष्ट्रीय और सांस्कृतिक महत्व की गाथाओं को हर भारतीय घर तक पहुंचाता रहा है। लॉकडाउन के दौरान मूल महाभारत के पुनः प्रसारण ने हमें याद दिलाया कि ये कथाएं परिवारों और पीढ़ियों को कितनी गहराई से एक साथ जोड़ती हैं। यह एआई-आधारित पुनर्कल्पना में भागीदारी दर्शकों को भारत के सबसे महान महाकाव्यों में से एक का नए सिरे से अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही इसमें परंपरा का सम्मान करते हुए कहानी बताने की अत्याधुनिक तकनीक को अपनाया गया है।

कलेक्टिव आर्टिस्ट्स नेटवर्क के संस्थापक और समूह सीईओ विजय सुब्रमण्यम ने इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लाखों भारतीयों की तरह वह भी हर रविवार को टेलीविजन पर क्लासिक महाभारत देखकर बड़े हुए हैं। यह एक ऐसा अनुभव था जिसने हमारी कल्पना और संस्कृति से हमारे जुड़ाव को आकार दिया। महाभारत के साथ हमारी आशा है कि आज की पीढ़ी को इसके माध्यम से एक ऐसा भावपूर्ण अनुभव दिलाना है जो उनके लिए गहन और एकीकृत भाव से परिपूर्ण हो।

मुख्यमंत्री ने यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का किया उद्घाटन

उद्यमी बनें युवा, लोन की गारंटी और ब्याज सरकार के जिम्मे : सीएम योगी

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से अपील की कि वे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अपने उद्यम लगाएं। आपको लोन उपलब्ध कराने की गारंटी मिलेगी और उसका ब्याज भी सरकार के जिम्मे होगा।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को यहां चंपा देवी पार्क में आयोजित उत्तर प्रदेश ट्रेड शो स्वदेशी मेला के उद्घाटन के बाद युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा ऐसी योजना है जिसमें उद्यम लगाने को मिलने वाला ऋण गारंटीमुक्त और ब्याजमुक्त है। इसमें लोन की गारंटी भी सरकार की है और ब्याज भी सरकार के जिम्मे। यही नहीं लाभार्थी को सरकार 10 प्रतिशत मार्जिन मनी भी देती है।



पहले चरण में इसमें पांच लाख रुपये तक का लोन मिलता है. जो अगले चरणों में दस लाख रुपये तक बढ़ जाता है।

इससे पहले मंच पर इस योजना के लाभार्थी व कैम्पियरगंज क्षेत्र के बंदोह निवासी रमेश यादव ने अपनी सक्सेस स्टोरी साझा करते हुए कहा कि बीकॉम तक पढ़ाई करने के बाद वह व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन फंड का अभाव था।

सीएम युवा योजना से ब्याजमुक्त और गारंटीमुक्त ऋण लेकर उन्होंने गाय के गोबर से पूजा सामग्री, धूप, अगरबत्ती आदि बनाने का काम शुरू किया। आज उनके उत्पाद यूपी ही नहीं, दिल्ली-हरियाणा में भी बिक रहे हैं। रमेश यादव के इस कार्य की तारीफ करते हुए हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय के गोबर में तो मां लक्ष्मी का वास माना जाता है।

योजना की दूसरी लाभार्थी बशारतपुर की मानसी ने बताया कि सीएम युवा योजना से ऋण लेकर उन्होंने घर के पैटर्न पर बने मसालों का कारोबार शुरू किया है। लोन के साथ ही उन्हें शासन के सहयोग से प्रोडक्ट प्रमोशन के कई प्लेटफार्म भी मिले। इससे उनके मसालों की ब्रांडिंग में काफी मदद मिली है और उत्पाद की मांग भी बढ़ रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के दोनों लाभार्थी रमेश यादव और मानसी को शुभकामनाएं दीं और अन्य युवाओं को भी उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने किए प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के दर्शन



एजेंसी

गांधीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव का दर्शन पूजन किया और महादेव के चरणों में शीश झुकाकर माथा टेका।

राष्ट्रपति ने भगवान सोमनाथ दादा से देश के नागरिकों के जनकल्याण और सुख-समृद्धि के लिए भावपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्ति, भव्यता और दिव्यता के प्रतीक प्रथम ज्योतिर्लिंग के समक्ष गंगाजल अर्पित किया और दिव्य मंत्रोच्चार के बीच सोमेश्वर महापूजा कर धन्यता का अनुभव किया। इसके पूर्व सोमनाथ मंदिर परिसर पहुंचने पर राष्ट्रपति का पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेरा, सोमनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी और राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पी.के. लहेरी, ट्रस्टी जे.डी. परमार तथा ट्रस्ट के सचिव योगेंद्र देसाई ने स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मणिपुर में केवाईकेएल उग्रवादी गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह जानकारी शुक्रवार को मणिपुर पुलिस मुख्यलाय ने दी।

पुलिस मुख्यालय ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू हवलदार को गुरुवार को इंफाल पश्चिम जिले के उरीपोक इलाके से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी राज्य भर के संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में चलाए जा रहे गहन तलाशी और क्षेत्र वर्चस्व



अभियानों के तहत हुई।

इसी बीच गुरुवार को ही इंफाल पूर्व और काकचिंग जिलों में दो स्थानों से कम से कम 13 आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद बरामद किए गए। राज्य में लंबे समय से चल रहे जातीय अशांति के मद्देनजर सुरक्षा बलों द्वारा जारी आतंकवाद विरोधी अभियानों के कारण ऐसी बरामदगी आम हो गई है।

मई, 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से मणिपुर में तनाव बना हुआ है, जिसमें लगभग 260 से ज्यादा लोग मारे गए और काफी लोग विस्थापित हुए। इस साल की शुरूआत में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य राष्ट्रपति शासन के अधीन है और मणिपुर विधानसभा निलंबित है।

सुरक्षा एजेंसियों ने आगे हिंसा रोकने और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के तहत राज्य भर में कड़ी निगरानी और लगातार तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी 11 अक्टूबर को भदोही में करेंगे अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ

एजेंसी

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार 11 अक्टूबर को यहां भदोही के एक्सपो मार्ट में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारम्भ करेंगे। इस कालीन मेले में 67 देश के 442 निर्यातक जातक भाग लेने आ रहे हैं। जिला प्रशासन और अखिल भारतीय कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस दौरान कई लेयर की सुरक्षा प्रबंध रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला 11 अक्टूबर से शुरू होकर 14 तक चलेगा। प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजकीय हेलीकॉप्टर से लखनऊ से सुबह 9:30 पर उड़ान भरेंगे



और भदोही के भिखारीपुर में बनाए गए हेलीपैड पर 10:20 पर लैंड करेंगे। बाद में वहां से कार के माध्यम से 10:25 पर कार्यक्रम स्थल एक्सपो मार्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर 10: 30 बजे पहुँचकर चार दिवसीय कालीन मेले का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान दुनियाभर के बायर मेले में भाग लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री उद्घाटनस्थल पर लगे कालीन स्टॉलों का अवलोकन करेंगे। उसके बाद उन लोगों से संवाद भी स्थापित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गाजीपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

दरअसल, अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ से कालीन उद्योग की स्थिति बिगड़ गई है। निर्यातकों में एक खास तरह की उदासी देखी जा रही है। क्योंकि भदोही से 60 फीसदी कालीन अमेरिका को निर्यात होता है। ऐसी उम्मीद में अमेरिका से बायरों के कम आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर निर्यातक काफी उत्साह और उम्मीद में है।

इंजीनियरिंग के 8 छात्रों में लेप्टोस्पाइरा बुखार की पुष्टि

एजेंसी

तिरुनेलवेली। तिरुनेलवेली जिले के मेलाथिडियूर क्षेत्र में स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के 8 छात्रों में लेप्टोस्पाइरा बुखार की पुष्टि हुई है। इसके चलते कॉलेज को अगली सूचना तक अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने जनता से घबराने की बजाय सतर्क रहने की अपील की है। बताया जा रहा है कि इस कॉलेज में नेल्लई, तेनकासी और विरुधुनगर जिलों के हजारों छात्र पढ़ाई करते हैं।

पहला मामला उवारी क्षेत्र के एक छात्र में सामने आया जिसे बुखार के कारण नागरकोइल के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच के बाद उसमें लेप्टोस्पायरोसिस (लेप्टोस्पाइरा) संक्रमण की पुष्टि हुई, जो आमतौर पर जानवरों के मूत्र से दूषित पानी के संपर्क में आने से फैलता है।

स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कॉलेज का निरीक्षण किया। एक शिविर के दौरान 8 और छात्रों में भी इसी बुखार की पुष्टि हुई, जिनका अब इलाज चल रहा है।

निरीक्षण में सामने आया कि कॉलेज के पीछे बाढ़ के पानी से पीने और खाना पकाने का पानी लिया जा रहा था। साथ ही, कैंटीन में सड़ी हुई सब्ज़ियां और गंदगी पाई गई। इसके चलते कैंटीन का लाइसेंस अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में 11 और 12 अक्टूबर को कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। छात्रावास और कैंटीन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं छात्रों को अगले आदेश तक कॉलेज न आने की सलाह दी गई है।

कोकरनाग के ऊपरी इलाकों से लापता सेना के एक और कमांडो का शव बरामद

कोकरनाग। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के ऊपरी इलाकों से सेना के एक और कमांडो का शव बरामद किया गया है। तीन दिन पहले सेना के दो पैरा कमांडो भीषण बर्फीले तूफान के बीच इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गए थे।दूसरे शव की बरामदगी के साथ ही कठिन इलाके और जमा देने वाले तापमान के बावजूद जारी गहन तलाशी अभियान समाप्त हो गया है। कोकरनाग इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के इलाके में छिपे होने की सूचना मिलने के बाद दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में एक अभियान शुरू किया गया था। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर के मुताबिक 6 और 7 अक्टूबर की दरम्यानी रात को किश्तवाड़ रेंज में इस ऑपरेशनल टीम को दक्षिण कश्मीर के पहाड़ों में भयंकर बर्फीले तूफान और बर्फबारी का सामना करना पड़ा। इसी तलाशी अभियान के दौरान विशिष्ट पैरा यूनिट के दो कमांडो मंगलवार को संचार लाइन बंद हो जाने के बाद लापता हो गए थे।

मुकेश अंबानी पहुंचे बदरीनाथ-केदारनाथ, चारधाम यात्रा प्रबंधन की सराहना की

मुकेश अंबानी ने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व को बताया 'ऐतिहासिक'

विशेष संवाददाता

श्रीबदरीनाथ धाम। सुप्रसिद्ध उद्योगपति, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और समाजसेवी मुकेश अंबानी ने हाल ही में अपने परिवार सहित श्रीबदरीनाथ और श्रीकेदारनाथ धाम के दर्शन किए। उनके आगमन पर श्रीबदरीनाथ-श्रीकेदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री अंबानी ने मंदिर समिति को 10 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की, जो इन पवित्र धामों के चहुंमुखी विकास हेतु समर्पित की जाएगी। यह राशि पूर्व में

- धामों में आस्था, व्यवस्थाओं की प्रशंसा और 10 करोड़ का भव्य दान
- उत्तराखंड जैसी व्यवस्थाएं पूरे देश में कहीं नहीं : मुकेश अंबानी





दी गई 5 करोड़ की तुलना में दुगनी है। अंबानी बोले 'मैं बीते 20 वर्षों से उत्तराखंड आ रहा हूं, लेकिन इस बार की व्यवस्थाएं वास्तव में ऐतिहासिक हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यात्रा का संचालन व्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरण-संवेदनशील है।'

आस्था, योगदान और भविष्य की प्रतिबद्धता

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि अंबानी परिवार की बदरी-केदार धामों के प्रति गहरी आस्था है। वर्षों से वे यहां दर्शन हेतु आते रहे हैं और मंदिर सौंदर्यीकरण व व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग देते आए हैं। इस बार मुकेश अंबानी जी ने मंदिरों में कुछ पल साधना में भी बिताए और बाबा के द्वार पर श्रद्धा अर्पित की।

आपदा पर चिंता, सहायता का वादा

हाल ही में उत्तराखंड में हुई प्राकृतिक आपदा (बादल फटने की घटना) पर श्री अंबानी ने शोक व्यक्त किया और कहा कि 'उत्तराखंड को जब भी जरूरत होगी, मैं और रिलायंस फाउंडेशन पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।'

धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संतुलन

श्री अंबानी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि चारधाम यात्रा का संचालन पूरी तरह मास्टर प्लान के तहत हो रहा है, जिससे न केवल यात्रियों को सुविधाएं मिल रही हैं, बल्कि पर्यावरण को भी कोई क्षति नहीं पहुंच रही है। 'यहां की व्यवस्थाएं अन्य धार्मिक स्थलों के लिए भी एक आदर्श हैं।'

आयुर्वेद विश्वविद्यालय में नाड़ी परीक्षण विषयक सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न

कुलगुरु प्रो. आसेरी की अध्यक्षता एवं वैद्य दाधीच के मुख्य आतिथ्य में हुआ समापन समारोह

चमकता राजस्थान



जोधपुर/ मेहराम गहलोत। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में सेमी ऑनलाइन नाड़ी परीक्षण प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स का समापन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आसेरी ने की, जबकि एन.आई.ए. जयपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष वैद्य दाधीच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर कुलगुरु प्रो. आसेरी एवं प्रो. दाधीच ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान कुलगुरु प्रो. आसेरी ने कहा कि ऐसे सर्टिफिकेट कोर्स नाड़ी विशेषज्ञों को रोगों के परीक्षण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

मुख्य अतिथि प्रो. दाधीच ने नाड़ी विज्ञान के पारंपरिक सिद्धांतों को आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोण से जोड़ते हुए हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नाड़ी परीक्षण की विभिन्न विधियों का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. चंदन सिंह, डीन फैकल्टी आयुर्वेद प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला, प्रो. नीलिमा रेड्डी, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. राजाराम अग्रवाल, प्रो. हरीश कुमार सिंघल, डॉ. ऋचु कपूर, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. राजीव सोनी, उप कुलसचिव डॉ. मनोज कुमार अदलखा सहित अनेक संकाय सदस्य एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कोर्स के नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा ने एक माह तक चली गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं पूर्व कुलगुरु एवं ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षणार्थियों की ओर से डॉ. निवेदिता मिश्रा एवं दिनेश शर्मा (दिल्ली) ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका कुमारी एवं डॉ. मनीष कुमार ने किया, जबकि डॉ. पूजा पारीक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

● गनी खान नवातला साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

चमकता राजस्थान/जयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक बालोतरा श्री रमेश आईपीएसने बताया कि माह अक्टूबर में वेष्विक स्तर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह के दौरान राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

दिनांक 09.10.25 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोतरा में जिला पुलिस अधीक्षक श्री रमेश आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस व षिक्षा विभाग, बैंक, फाइनेंस कम्पनियों के प्रतिनिधियों की जिला स्तर पर समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में साइबर सेल बालोतरा, साइबर थाना बालोतरा, षिक्षा विभाग से प्रतिनिधि श्री सुरेष सितारा अतिरिक्त मुख्य षिक्षा अधिकारी प्रथम बालोतरा, श्री रमेश कालमा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ-साथ एसबीआई, बीओबी, बंधन बैंक, पीएनबी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, यूको बैंक, राजस्थान ग्रामीण बैंक, एक्टस, एयू फाइनेंस कंपनी और अन्य बैंक व फाइनेंस कंपनियों के नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

जिले में साइबर अपराध की घटनाओं की रोकथाम हेतु साइबर जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के संबंध में बैठक में साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। षिक्षा विभाग, बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों ने अपने विचार रखे। अक्टूबर माह में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों की जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जीवन ज्योति कार्यक्रम के तहत बूटोली में नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ



चमकता राजस्थान/लक्ष्मणगढ़(नरेन्द्र तिलकपुर)। साईटसेवरस (NGO), मेटसौ इंडिया और राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय के संयुक्त सहयोग के अलवर जिले में चलाये जा रहे जीवन ज्योति कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बूटोली मे नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 181 मरीजों की जांच की गई जिसमें 38 मरीज़ आपरेशन के लिए चिन्हित किए गए जिनका आपरेशन राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय अलवर में निशुल्क कराया जायेगा शिविर में कुल 32 मरीजों को निशुल्क चश्मे दिये गये । सरपंच प्रतिनिधि नसरुखान ने बताया कि शिविर में डॉ श्रीओम गुर्जर द्वारा मरीजों की जांच की गई व CHO प्रिया देवी व अठट निशा देवी कम्यूनिटी मोबिलाइजर सुरेश नंदभा , राजेश कुमार खुडियाना, सामाजिक कार्यकर्ता रेखा देवी,शीतलदेवी ,व सभी आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सहयोग रहा ।

ऑन साईट रजिस्ट्रेशन शिविर में 56 पट्टे व 33 अन्य दस्तावेज का पंजीयन



चमकता राजस्थान/ब्यावर। पंजीयन एंव मुद्रांक विभाग के सब रजिस्ट्रार कार्यालय ब्यावर जिला ब्यावर की ओर से पिपलिया बाजार, शान्ति जैन स्कूल के पास, ब्यावर में रजिस्ट्रेशन ऑन साइट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 पट्ट व 33 अन्य दस्तावेज कुल 89 दस्तावेजो का पंजीयन किया गया। जिनमें विभाग को करीबन 17.00 लाख की राजस्व आय प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा संख्या 237 ६) की पालना में आयोजित ऑन साईट रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पट्ट व अन्य दस्तावेजो का पंजीयन किया मौके पर ही पक्षकारो को लौटाये गये।

दिवा में फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ठाणे महानगर पालिका के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं, महानगर पालिका की स्थिति दयनीय

चमकता राजस्थान



अरविंद कोठारी/दीवा। दिवा शहर की सड़कों पर फेरीवालों का कब्जा है, वहीं दीवा प्रभाग समिति लापरवाह नज़र आ रही है। दिवा प्रभाग समिति से एक अजीबोगरीब जानकारी सामने आई है कि फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है।

शाम 6 बजे से रात 9.30 बजे तक फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए महानगर पालिका की टीम तैनात रहती थी। लेकिन अब कर्मचारियों की कमी के कारण शाम 6 बजे के बाद कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, मनसे दीवा शहर सचिव प्रशांत गावड़े ने आरोप लगाया है कि पालिका के कर्मचारियों से जानकारी मिली है कि इन कर्मचारियों के लिए आवशयक वाहन और अन्य आवशयक चीजें पालिका से उपलब्ध नहीं हैं।

अगर महानगर पालिका के पास ऐसे बुनियादी प्रशासनिक कार्यों के लिए भी पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं,प्रशांत गावड़े ने कहा कि ठाणे अतिक्रमण अधिकारियों को फेरीवालों के आका के पास से कोई बड़ी रकम पहुंचती है ऐसा दीवा की आम जनता का कहना।इसलिए कारवाही नहीं करते है इसी कारण दीवा स्टेशन के पास पैदल चलने तक का रास्ता नहीं बचता आम जनता को उठानी पड़ती है ऐसे में दीवा प्रभाग समिति किसी निजी कंपनी को सौंपने का व्यंग्यात्मक सुझाव प्रशांत गावड़े ने दिया।

सहकार सदस्यता अभियान 2025 में बढ़ रहा है लोगों का रुझान

जैतारण इकाई शिविर में 204 लोगों ने डेयरी की सदस्यता ग्रहण की


चमकता राजस्थान



कैलाश फुलवारी/ब्यावर। 10 अक्टूबर को जिले में चल रहे सहकार सदस्यता अभियान 2025 के अंतर्गत शिविरों में लोगों द्वारा सहकारी समितियों की सदस्यता ग्रहण करने के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की जैतारण इकाई द्वारा आयोजित गिरी शिविर में क्षेत्र की प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों में 204 लोगों ने डेयरी की सदस्यता ग्रहण की।वहीं ग्रामीण सेवा शिविरों और सहकार सदस्यता अभियान 2025 के तहत अब तक साढ़े चार हजार से अधिक लोगों ने विभिन्न सहकारी समितियों की सदस्यता ग्रहण की है जिले में ग्राम सेवा सहकारी समिति विहीन 29 ग्राम पंचायतों में नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति ने अनुशंसा कर प्रस्ताव प्रधान कार्यालय जयपुर भेज दिया है।उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, ब्यावर श्री हीरालाल ने बताया कि इन अनुशंसित पंचायतों में रायपुर की 3, जैतारण की 4, भीम की 4, मसूदा की 5 और जवाजा की 13 पंचायतें शामिल हैं। अब मात्र जिले की 6 पंचायतों में ही सर्वे रिपोर्ट बकाया है उन्होंने ब्यावर जिले के निवासियों से अधिकाधिक सहकारी समितियों से जुड़ने की अपील की है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां ब्यावर, बी.एन.के. सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लिमिटेड ब्यावर, ब्यावर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ब्यावर, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां ब्यावर, विजयनगर, जैतारण, रायपुर, बदनौर, संबंधित ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर जवाजा क्षेत्र में नवीन पैक्स गठन हेतु विधायक शंकरसिंह का आभार व्यक्त किया गया।ज्ञातव्य है कि सहकार सदस्यता अभियान 2025 की शुरुआत समारोह में भी मुख्य अतिथि विधायक शंकरसिंह ही रहे थे।

स्कूटियां पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

● विधायक क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 16 दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटियां वितरित



चमकता राजस्थान/सवाई माधोपुर। जिले में चलन निःशक्तता से जूझ रहे दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और उम्मीद की नई किरण जगाते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को नीमली रोड स्थित सीता माता मंदिर पर खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल द्वारा निःशुल्क स्कूटियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 16 दिव्यांगजन विधायक क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत इस योजना से लाभान्वित हुए।

उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों की दैनिक आवाजाही को आसान बनाना और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से लाभार्थी अब अपने काम, दुकान या रोज़गार स्थल तक बिना किसी पर निर्भर हुए आसानी से जा सकेंगे।

स्कूटी प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन्होंने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी चलन संबंधी निशक्तता जीवन की राह में रुकावट नहीं बनेगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आमजन ने भी विभाग द्वारा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को वितरित हुए लोन



चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी। नगर पालिका बाड़ी द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को लोन वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्रीनीधि बी. टी., उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी एवं अधिशाषी अधिकारी शयाम बिहारी गोयल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को लोन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तथा योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वनिधि योजनाओं के माध्यम से छोटे व्यापारियों, रेहड़ी- पटरी संचालकों तथा स्वरोजगार करने वाले लोगों को आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।लाभार्थियों ने योजनाओं से प्राप्त सहायता पर खुशी जताई और केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बैंक मैनेजर दीपक अग्रवाल, ऋण अधिकारी शिवराज मीना, सहायक ऋण अधिकारी वेदप्रकाश मीना, सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र सिंह मीना, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट (PMAY) तपेश बिधूड़ी एवं धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

तोरण द्वार, दे रहे है हादसों को न्योता

चमकता राजस्थान/अरुण कुमार/रांची। राजधानी रांची के सभी पूजा समितियों की प्रतिमाओ का विसर्जन शनिवार को कर दिया गया, जिसके साथ हीं दुर्गत्सव समाप्त हो गयो लेकिन पूजा के दौरान बनाये गए तोरण द्वार अब भी सड़को पर हीं कही-कही खरे हैं यह हाल तब है, जब जिला प्रशासन ने सभी पूजा समितियों को, पूजा समाप्त होने के 48 घंटे के अंदर तोरण द्वार हटाने और इसके लिए खोदे गए गड्ढों को भर कर रोड को दुरुस्त करने का आदेश दिया थो रांची स्टेशन रोड, गुरुद्वारा गली के पास महाप्रभु भोजनालय (होटल) का मालिक नकुल कुंभाकार ने बताया की पूजा समितियां की सुस्ती की वजह से सड़के जाम हो रही है, वही सरको पर खरे तोरण द्वार हादसों को न्योता भी दे रहे हैं इधर राजधानी मे लगातार तेज बारिस भी हो रही है, जिससे इन तोरण द्वार के गिरने का खतरा बना हुवा है।

कनिष्ठ लिपिक सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद भी काफी समय से खाली

कस्बा के निकटवर्ती गांव दांतलौठी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापकों के कई पद रिक्त, बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

चमकता राजस्थान



जनूथर/डीग हरिओम सिंह। राज्य सरकार की ओर से जहां एक ओर स्कूली विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम सुधार पर जोर दिया जा रहा है।विषय संबंधित परीक्षा परिणाम न्यून रहने पर विषय अध्यापकों को तलब किये जाने के मामले सामने आ रहे हैं।कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित स्पष्टीकरण देने के साथ 17सीसीए के तहत कार्रवाई के मामले पढ़ने सुनने को मिलते हैं मगर वहीं दांतलौठी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान अंग्रेजी हिंदी के वरिष्ठ अध्यापकों के पद काफी समय से रिक्त चल रहे हैं।अंग्रेजी वरिष्ठ अध्यापक भूप सिंह, विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक श्यामवीर सिंह की डीपीसी होने के चलते संबंधित विषय के पद सत्र आरंभ से ही रिक्त चल रहे हैं तो वहीं हिंदी के वरिष्ठ अध्यापक नेतराम सिंह की सेवानिवृत्ति होने से संबंधित विषय का पद भी 30 नवम्बर 2021 से ही रिक्त चल रहा है।कक्षा 9 में 17 बच्चे जबकि 10 में 22 बच्चों का नामांकन है,पद खाली होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद तो सेवानिवृत्ति के बाद कई वर्षों से ही आखिर रिक्त चल रहा है। वहीं कनिष्ठ लिपिक का पद भी रिक्त होने से रिकोर्ड संधारण सहित आनलाइन डाटा फीडिंग का शैक्षणिक कार्य भी बाधित हो रहा है।हाल ही में राज्य सरकार की ओर से प्रधानाचार्यों का तबादला होने से विद्यालय में प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त चल रहा है।जब संबंधित विषय के अध्यापक पद ही रिक्त हों तो बच्चों के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम की की कैसे उम्मींद की जा सकती है।बच्चों का कोर्स पूरा नहीं होने से परीक्षा परिणाम गिर सकता है। शिक्षकों के पद रिक्त होने के चलते अब अभिभावकों की भी अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम को लेकर चिंता बढ़ गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929